# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 18 मई 2026



# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University



## JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY WITH AI ENABLED CAMPUS & GLOBAL OPPORTUNITIES

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

3800 Students Placed (Last 5 years)

Companies Visited 400+

Up to 100% Scholarship Available for Deserving and Eligible Students

25+ International Students from Nepal & Bhutan.

Highest Package up to ₹ 35 LPA

## Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

- (University Grant Commission) Act 1956
- The AICTE (All India Council of Technical Education)
- The NCTE (National Council for Teacher Education)
- The BCI (Bar Council of India)
- Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)
- The University is Approved by CGPURC
- The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948)
- University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

## PROGRAMME OFFERED

### Engineering & Technology

**Bachelor of Engineering**
Mechanical Engg. | Civil Engg. | Electrical Engg. | Electrical & Electronics | Electrical & Comm. Engg. | Computer Science

**Master of Technology**
Digital Comm. | Power System | Computer Science Production Engg. | VLSI | Software Engg.

**Polytechnic Diploma**
Civil Engg. | Mechanical Engg. | Computer Science Engg. Electrical Engg.

**UG Diploma in Fire Safety Management**

### Information & Technology

**Master of Science (IT, CS)**
**Bachelor of Computer Application (BCA)**
**Post Graduate Diploma in Computer Application (PGDCA)**
**Diploma in Computer Application (DCA)**

### Science

**Bachelor of Science (B.Sc.)**
Physics | Chemistry | Maths | Microbiology | Biotech | Botany
Zoology | Computer Science | Rural Technology | UG Nutrition & Dietetics

**Master of Science (M.Sc.)**
PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology
Rural Tech | Electronics | Applied Physics

**Post Graduate Diploma in Rural Development (PGDRD)**

### Education & Physical Education

**Bachelor of Education (B.Ed)**
**Master of Education (M.Ed)**
**Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)**
**Master of Physical Education and Sports (MPES)**

### Commerce & Management

**Bachelor of Commerce (B.Com) | Master of Commerce (M.Com)**
**Bachelor of Business Administration (BBA)**
**Master of Business Administration (MBA) | PGDBM**

### Law

**B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.**

### Arts

**Bachelor of Arts (BA) | Master of Arts (MA)**
Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History | Geography
Economics | Political Science | Sociology | Education | Rural Development
UG Diploma in Foreign Language | PG Diploma in Geospatial Technology
Diploma in Karmakand | Diploma in Jyotish evam Vastu | Yoga

**Bachelor of Library Science (B.Lib)**
**Master of Library Science (M.Lib) | Master of Social Work (MSW)**
**Bachelor of Journalism | Master of Journalism**
**Performing & Fine Arts: BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA**
**Certificate Courses:** Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar

### Pharmaceutical Sciences

**Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)- 4 Years**
**Master of Pharmacy (M.Pharm)-2 Years**
**Diploma of Pharmacy (D.Pharm)-2 Years**

### Bachelor of Vocational ( B.Voc)

**Automobile Servicing | IT Application Development | House Keeping**
**Banking, Financial Services and Insurance | Home Care**
**Construction | Production Technology | AC & Refrigeration**
**Multimedia & Animation | Fashion Designing | Interior Designing**
**Fire & Safety (Industrial & Construction) | Hospital Administration**

**Research Programmes Ph.D.**

### Special Features:

- Accredited by NAAC
- Chhattisgarh's first private university
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- Fully Automated Central Library
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states
- Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career.
- Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners.
- Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures.
- Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost
- Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes.
- Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education.
- Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines.
- Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.
- PSC Coaching integrated UG/PG Programme

### OUR PLACEMENT PARTNERS

NIIT | Star | vivo | Tech Mahindra | amazon | IndusInd Bank | Infosys | vedanta | pinnacle | LANCO | zomato | दैनिक भास्कर | genpact | wipro | iON | AMERICAN EXPRESS

### BEST FACILITIES FOR GREAT EXPERIENCES


Research Lab


Volleyball Ground


90.4 Radio Raman


CVRU - Incubator Center


Centre Library


Bharat Scouts & Guides


Boys Hostel


Skill Development Centre


University Buses


Wi-Fi Campus



National Cadet Corps


International Students

AdPRAYAS

## ADMISSION HELPLINE : 6261-900581/82

Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801
E-Mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in


बस्तर में विकास
एवं समृद्धि का मार्ग
प्रशस्त करने वाले
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
श्री अमित शाह जी
का
सशस्त्र नक्सल आतंक के
खात्मे के बाद
प्रथम बस्तर आगमन पर
हार्दिक
स्वागत है
18 मई 2026 | बस्तर, छत्तीसगढ़
छ.ग. डायल - 112
(Phase 2 - Next Gen)
का शुभारंभ
सुबह 10:30 बजे
पी. टी. एस. माना (रायपुर)
जन सुविधा केंद्र
का शुभारंभ
दोपहर 12:00 बजे
नेतानार (बस्तर)
शहीदों को
श्रद्धांजलि
दोपहर 1:30 बजे
अमर वाटिका, जगदलपुर (बस्तर)
शहीदों के परिजनों, सुरक्षा बलों,
नक्सल पीड़ितों और समाज प्रमुखों
से मुलाकात एवं चर्चा
दोपहर 2:00 बजे
बादल अकादमी, जगदलपुर (बस्तर)
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, सोमवार 18 मई 2026



सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव पहुंचे धमतरी जिले के भटगांव

## आज और कल कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह पहुंचे, डॉयल-112 की सौगात देकर आज जाएंगे बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय प्रवास पर रविवार देर शाम रायपुर पहुंचे। श्री शाह रायपुर और जगदलपुर के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, जनसुविधाओं का विस्तार, स्थानीय समाज से सीधा संवाद करने के साथ-साथ विभिन्न शीर्ष नीतिगत और प्रशासनिक बैठक लेंगे। श्री शाह के रायपुर आगमन पर विमानतल पर ▶▶|शेष पेज 4 पर



### बस्तर में आज और कल अहम बैठक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को बस्तर पहुंचेंगे। वे कई अहम बैठकों में शामिल होंगे, इस दौरान चार राज्यों के मुख्यमंत्री व आठ राज्य के डीजीपी भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नक्सल समाप्ति की डेडलाइन के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के तीन दिवसीय प्रवास के दो दिन बस्तर में रहेंगे। बस्तर प्रवास का ▶▶|शेष पेज 4 पर

# पक्के मकान की बनीं मालकिन सीएम साय ने सौंपी चाबियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धमतरी।

अपना पक्का घर केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और नए जीवन की मजबूत नींव होता है। धमतरी में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के दौरान यह भाव उस समय जीवंत हो उठा, जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपकर उनके वर्षों पुराने सपनों को साकार किया। सुशासन तिहार में भाटगांव ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 465 करोड़ के 102 विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमतरी में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 465 करोड़ रुपए की लागत के 102 विकास कार्यों की सौगात दी। साय ने 423 करोड़ 52 लाख 56 हजार रुपये लागत के 52 कार्यों का भूमिपूजन तथा 41 करोड़ 50 लाख 48 हजार से अधिक लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण किया।

### सीधे आमजन तक योजनाएं : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यही कारण है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ शासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की नई दिशा दी है।

पीएम की यात्रा : भारत, नीदरलैंड ने किए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर

# रक्षा, चिप, खनिज और हरित हाइड्रोजन पर बढ़ेगी साझेदारी



एजेंसी ▶▶| द हेग

वैश्विक भू-राजनीति में बदलावों के बीच भारत और नीदरलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के उनके समकक्ष रॉब जेटेन के बीच हुई वार्ता के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें रक्षा, चिप, खनिज और हरित हाइड्रोजन जैसे प्रमुख मुद्दों पर करार हुआ। बैठक के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति, विशेष रूप से क्षेत्र और व्यापक विश्व पर इसके गंभीर प्रभावों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की क्योंकि इसके कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। संयुक्त बयान के अनुसार, मोदी और जेटेन ने होर्मुज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र नौवहन और वैश्विक वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन का आह्वान किया। उन्होंने किसी भी तरह के 'प्रतिबंधात्मक' कदमों का विरोध किया और ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मोदी को स्वीडन का प्रतिष्ठित सम्मान

**गोथेनबर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को स्वीडन के प्रतिष्ठित सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' से सम्मानित किया गया। यह स्वीडन द्वारा किसी राष्ट्राध्यक्ष को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' प्रधानमंत्री मोदी को मिला 31वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मित्रता की पुनः पुष्टि हुई। स्वीडन की क्राउन प्रिंसेज विक्टोरिया ने भारत-स्वीडन संबंधों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण योगदान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को मान्यता देते हुए उन्हें 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया।

### व्यापार, रक्षा और टेक्नोलॉजी पर खास फोकस

बैठक के बाद दोनों देशों ने स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप रोडमैप लॉन्च किया। इसका मकसद व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसके साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन डेवलपमेंट रोडमैप भी शुरू किया गया। दोनों देशों ने रक्षा उपकरणों के संयुक्त निर्माण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और जॉइंट वेंचर पर भी साथ काम करने पर सहमति जताई।

### भारतीयों को नौकरी और पढ़ाई में मिलेगा फायदा

दोनों देशों के बीच माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौता भी हुआ है। इससे भारतीय छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए नीदरलैंड में नौकरी और पढ़ाई के ज्यादा अवसर खुल सकते हैं।

प्रदेशभर में निकायों के कर्मियों ने की है अनियमितता, जांच शुरू

# बिना अनुमति परीक्षा देकर हासिल किए दो इंक्रीमेंट सैकड़ों निकाय कर्मियों को अब लौटाना होगा पैसा

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में काम करने वाले करीब एक हजार कर्मियों ने सरकार से अनुमति लिए बिना ही लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा (एलएसजीडी) परीक्षा दिलाई और पास होकर दो वेतनवृद्धि भी हासिल कर ली। बताया गया है कि ये लोग लंबे समय से बढ़ा हुआ वेतन और उसके आधार पर डीए भी ले रहे हैं। इस मामले की उच्च स्तरीय शिकायत होने के बाद अब जांच शुरु कर दी गई है। लेकिन इससे पहले ही सरकार ने इनकी वेतन वृद्धि बंद करके ली गई राशि वसूल करने का आदेश जारी कर दिया है।

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

खास खबर

नगरीय प्रशासन एंव विकास विभाग के तहत राज्य के नगरीय निकायों में काम करने वाले तृतीय श्रेणी के नियमित कर्मियों जैसे कार्यालय अधीक्षक, मुख्य लिपिक, लेखापाल, सहायक वर्ग-2, सहायक वर्ग-*, कैशियर, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक को एलएसजीडी पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण लेने की पात्रता दी गई है, लेकिन इसके साथ ही ये शर्त भी है कि इसके लिए संचालनालय से सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने पर ही एलएसजीडी पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण उत्तीर्ण होने पर आगामी दो वेतन वृद्धियों की पात्रता होगी, पर यहां गड़बड़ी ये है कि राज्य भर के हजार के करीब कर्मियों ने बिना अनुमति लिए ही परीक्षा में हिस्सा लिया और पास होकर दो वेतनवृद्धि का लाभ लेने लग गए।



सरकार ने वेतन वृद्धि बंद करके ली गई राशि वसूल करने का आदेश जारी

### शिकायत के बाद जांच

नगरीय प्रशासन विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि इस मामले की शिकायत होने के बाद जांच शुरु की गई है। इसके साथ ही विभाग ने इस संबंध में एक बड़ा आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने समस्त संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय को जारी आदेश में कहा है कि आपके संभाग क्षेत्रान्तर्गत आने वाली नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा एलएसजीडी परीक्षा में शामिल होने से पहले संचालनालय से बिना अनुमति के अनियमित वेतन वृद्धि प्राप्त कर रहे है, उनके वेतन वृद्धि बंद करने एवं वेतन वृद्धि प्राप्त राशि वसूली करने की कार्यवाही तत्काल करें। उनकी जानकारी संचालनालय को उपलब्ध कराएं।

### इन शर्तों का हुआ है उल्लंघन

इस पूरे मामले में गड़बड़ी इसलिए पकड़ में आ गई क्योंकि डिप्लोमा कोर्स करने के संबंध में कई शर्तें भी हैं, जिनका पालन करना जरुरी था जो नहीं किया गया। जैसे निकाय द्वारा एलएसजीडी पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए चयनित कर्मचारी हेतु संबंधित निकाय की एमआईसी या पीआईसी का पारित संकल्प आवश्यक होगा। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण शर्त ये भी है कि स्थानीय नगरीय निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम होने पर ही प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति दी जा सकेगी। कम से कम पांच वर्ष की नियमित सेवा अवधि आवश्यक होगी। 45 वर्ष से कम आयु के नियमित कर्मचारी ही पाठ्यक्रम के लिए पात्र होंगे। यह शर्त भी है कि कर्मचारी व्यक्तिगत स्तर पर पत्राचार पाठ्यक्रम से डिप्लोमा लेने के पात्र नहीं होंगे। पाठ्यक्रम प्रारंभ होने के कम से कम तीन माह पूर्व नगरीय निकाय द्वारा संचालनालय को अनुमति हेतु प्रस्ताव भेजा जायेगा। प्रस्ताव के साथ कर्मचारी के पद संबंधित नियुक्ति या पदोन्नति आदेश एवं कार्यभार ग्रहण प्रतिवेदन की प्रति, नगरीय निकाय के विगत तीन वर्षों की आय एवं व्यय की जानकारी निर्धारित प्रपत्र अ एवं ब में भेजी जायेगी। पाठ्यक्रम प्रशिक्षण करने वाले कर्मचारी को आगामी तीन वर्ष तक अन्य किसी ऐसे प्रशिक्षण में नहीं भेजा जाएगा, जिसमें आगामी वेतन वृद्धि का प्रावधान। हो। अनुत्तीर्ण होने पर पुनः पाठ्यक्रम में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में दो दिन के 'वर्क फ्रॉम होम' की सलाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ईंधन बचाने के प्रयासों में सहयोग के लिए निजी कंपनियों और प्रतिष्ठानों को दो दिन की 'वर्क-फ्रॉम-होम' नीति अपनाने, कार्यालय के समय में बदलाव करने और कर्मचारियों से 'कार पूलिंग' और सार्वजनिक परिवहन का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### युवक को बंधक बनाकर यातनाएं, छह गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में अजमेर जिले के एक गांव में रंजिश के चलते एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे यातनाएं देने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। गगवाना गांव में जीतू नामक व्यक्ति को आरोपियों ने बंधक बनाकर पीटा, उसे जूतों-चप्पलों की माला पहनाई और पेशाब पीने के लिए विवश किया।

### डंपर-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में रविवार दोपहर डंपर और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, तथा चार अन्य घायल हो गए। जलालाबाद की ओर से आ रहे डंपर की सामने से आ रहे ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि टक्कर इतनी भीषण थी कि दो महिलाओं रामक्षत्रिय (28) और 40 वर्षीय एक अज्ञात महिला तथा कल्लू (45) की मौके पर ही मौत हो गई।

आज से हाईकोर्ट में समर वेकेशन

## सिविल, क्रिमिनल मामलों की जारी रहेगी फाइलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर न्यायिक गतिविधियों की पूरी रूपरेखा तय कर दी गई है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अधिसूचना के अनुसार, इस वर्ष समर वेकेशन 18 मई 2026 से शुरू होकर 12 जून 2026 तक चलेगा, जबकि 15 जून 2026 से अदालतें फिर से नियमित रूप से संचालित होंगी। समर वेकेशन के दौरान अदालतें भले नियमित रूप से न चलें, लेकिन जरूरी मामलों की सुनवाई जारी रहेगी।

### खुली रहेगी रजिस्ट्री

समर वेकेशन के दौरान भी हाईकोर्ट की रजिस्ट्री पूरी तरह सक्रिय रहेगी, जिससे वकीलों और पक्षकारों को फाइलिंग या अन्य प्रक्रियाओं में किसी तरह की परेशानी न हो। रजिस्ट्री का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शासकीय अवकाश के दिनों में बंद रहेगा।

# नीट का रिजर्व प्रश्न पत्र भी हुआ था लीक, गेस पेपर से मेल खा गए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि नीट का सिर्फ एक पेपर लीक नहीं हुआ था, बल्कि दोनों सेट का पेपर लीक हुआ था। दूसरा सेट रिजर्व में रखा गया था, लेकिन जांच के दौरान पता चला कि दूसरे सेट सवाल भी 'गेस पेपर' के सवालों से हूबहू मेल खाते हैं। नीट पेपर लीक में सबसे बड़े किंगपिन माने जा रहे असिस्टेंट प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी, सीनियर टीचर मनीषा गुरुनाथ मांधरे और मनीषा वाघमारे के नाम सामने आए हैं। दरअसल, ▶▶|शेष पेज 4 पर

नीट पेपर लीक में बड़ा खुलासा




### 14 दिन की सीबीआई हिरासत में मनीषा

बता दें कि पेपर लीक की मास्टरमाइंड मनीषा मांधरे की चालाकी देखते हुए उसे 14 दिन की सीबीआई की हिरासत में सौंप दिया है। माना जा रहा है कि 14 दिन की पूछताछ के दौरान सीबीआई को पेपर लीक कांड से जुड़ी अहम कड़ियां मिल सकती हैं और पूरे रैकेट का भंडाफोड़ हो सकता है। एनटीए ने री-एग्जाम की डेट जारी कर दी है।

### कैसे और किसने लीक किया नीट का पेपर?

सीबीआई ने पेपर लीक मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी और सीनियर टीचर मनीषा गुरुनाथ मांधरे का नाम सामने आया है। प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी केमिस्ट्री पढ़ाते हैं और मनीषा मांधरे बॉटनी, जूलॉजी के सवालों का अनुवाद करने की एक्सपर्ट थीं। इसी वजह उनकी पहुंच एनटीए के नीट क्वेश्चन पेपर थी और इसकी का फायदा उठाकर उन्होंने पीवी कुलकर्णी और मनीष वाघमारे के साथ मिलकर नीट पेपर लीक को अंजाम दिया।

सीबीएसई ओएसएम मार्किंग विवाद, शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों को दिया तोहफा

# पुनर्मूल्यांकन में नंबर बढ़े तो छात्रों की फीस माफ

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

खास खबर

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली से अंकों पर असर पड़ने की चिंताओं को रविवार को खारिज किया और पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटाकर 100-100 रुपए करने की घोषणा की। शिक्षा मंत्रालय ने ने कहा कि अगर आपको लगता है कि आपके नंबर गलत आए हैं, तो शिक्षा मंत्रालय ने अब आपको ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शिक्षा मंत्रालय ने कहा, 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली त्रुटिरहित और अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप




### सत्यापन और दोबारा मूल्यांकन 26 से 29 मई

छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका में कोई गलती दिखती है, तो वे 26 से 29 मई के बीच सत्यापन या दोबारा मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने आश्वस्त किया है कि जिन गलतियों की पुष्टि होगी, उन्हें तत्काल सुधारा जाएगा। विशेषज्ञों की कमेटी जो भी निर्णय लेगी, उसके आधार पर छात्रों के अंक बढ़ या घट भी सकते हैं। बोर्ड ने बताया है कि यह नई प्रक्रिया सभी के लिए निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने के मकसद से शुरू की गई है।

### सीबीएसई 12वीं कॉपी री-चेकिंग दो स्टेज में

सीबीएसई 12वीं कॉपी चेकिंग की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी- पहली आंसरशीट की स्कैंड कॉपी लेना और दूसरी वेरिफिकेशन। सीबीएसई सर्कुलर के अनुसार, पहले फेज में स्टूडेंट्स को सबसे पहले अपनी जांची हुई आंसरशीट्स की स्कैन की हुई कॉपी ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। दूसरे फेज में, उम्मीदवार या तो 'पाई गई कमियों के वेरिफिकेशन' के लिए या फिर 'उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन' के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पोलित ब्यूरो मेंबर व रणनीतिकार गणपति व मिशिर बेसरा को घेरने की तैयारी

# देश नक्सलमुक्त हुआ, अब अंडरग्राउंड दो टॉप लीडर्स के लिए बन रही रणनीति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान व 31 मार्च की डेडलाइन के बाद भी कुछ कैडर नक्सली पड़ोसी राज्य तेलगांना व आध्रंप्रदेश में समर्पण कर रहे हैं। बावजूद इसके नक्सल सगंठन के दो प्रमुख रणनीतिकार अब भी स्थानीय फोर्स के अलावा केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों की पकड़ से अभी दूर है। दोनों टॉप लीडर गणपति व मिशिर बेसरा के लोकेशन एवं पहचान सुनिश्चित कर उन तक पहुंचने के लिए सुरक्षा एजेंसियां रणनीति बना रही हैं। वर्तमान में नक्सल संगठन में गणपति उर्फ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दो साल में 499 शीर्ष नक्सली हुए ढेर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान व 31 मार्च की डेडलाइन के पहले करीब 26 माह में पुलिस प्रशासन व सुरक्षाबलों ने ऐसा कहर बरपाया कि नक्सलियों का 46 साल का साम्राज्य ढह गया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने कई पोलित ब्यूरो व सीसी मेंबर समेत अन्य कैडर नक्सलियों को ढेर किया। इस अवधि में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में कुल 499 नक्सली मार गिराए गए। इनमें वर्ष 2024 में 217, वर्ष 2025 में 256 तथा वर्ष 2026 में 31 मार्च तक 26 नक्सली ढेर किए गए।वहीं 2024 में 929 तथा 2025 में 898 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया जबकि वर्ष 2026 में 31 मार्च तक 94 नक्सली गिरफ्तार किए गए। इसी तरह 2024 में 792 और 2025 में 1573 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा का रास्ता अपनाया जबकि 2026 में 373 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

### बेसरा और गणपति तक पहुंचने का प्रयास

संगठन के प्रमुख रणनीतिकार मिशीर बेसरा और गणपति तक पहुंचने के लिए केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त अभियान, तकनीकी निगरानी, इंटेलिजेंस नेटवर्क, अंतर्राज्यीय समन्वय तथा लगातार क्षेत्रीय दबाव की रणनीति अपनाई जा रही है। - सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर

## चिंतन

# गर्मी के मौसम में दोहरी सुरक्षा ही बचाएगी जान

गर्मियों का मौसम अब केवल असहनीय तापमान का पर्याय नहीं रह गया है, बल्कि यह आगजनी की घटनाओं का भी भयावह दौर ला रहा है। देशभर में कारों, बसों और ट्रेनों में अचानक आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान चली जाती है, जबकि करोड़ों रुपये की संपत्ति भी नष्ट हो जाती है। चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश मामलों में कारण प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही और व्यवस्था की कमजोरी होते हैं। रविवार को ही कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग लग गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही आगजनी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी होना यह साबित करता है कि हमारी परिवहन व्यवस्था और व्यक्तिगत सतर्कता दोनों में गंभीर खामियां हैं। यह केवल तकनीकी खराबी या महज संयोग नहीं, बल्कि लापरवाही और कमजोर सुरक्षा तंत्र का परिणाम है। ऐसे में जान-माल की रक्षा के लिए 'दोहरी सुरक्षा' अपनाना बेहद जरूरी है। पहली दुर्घटना को रोकना (बचाव) और दूसरी आपातकाल के लिए हमेशा तैयार रहना। गर्मियों में वाहनों में आग लगने के पीछे सबसे बड़ा कारण ओवरहीटिंग है। लगातार एसी चलाने से इंजन और वायरिंग पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। कई लोग समय पर सर्विस नहीं करवाते, जिसके कारण इंजन के भीतर होने वाली खामियां बड़े हादसों को अंजाम देती हैं। लोकल वायरिंग और गलत फिटिंग के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं आम हैं। इसके अलावा, कारों में सैनिटाइज़र, परफ्यूम, लाइटर और अन्य ज्वलनशील वस्तुएं छोड़ देना भी आग को निमंत्रण देने जैसा है। भीषण गर्मी में ये पदार्थ विस्फोटक बन सकते हैं। स्थिति केवल निजी वाहनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं भी लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। रेलवे में सफर करने वाले कुछ यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए छोटे गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य ज्वलनशील सामग्री साथ ले जाते हैं। थोड़ी सी चूक पूरे डिब्बे को आग की भट्टी में बदल सकती है। इसके अलावा ट्रेनों की पुरानी वायरिंग, ओवरलोडिंग और रखरखाव में लापरवाही भी आग की घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। यह केवल व्यक्तिगत गलती नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति गैरजिम्मेदार रवैया है। ऐसे में प्रशासन और आम नागरिक दोनों की जिम्मेदारी तय होती है। रेलवे प्रशासन को स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाना चाहिए, ताकि कोई भी यात्री ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में प्रवेश न कर सके। केवल चेतावनी बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भारी जुर्माना और कानूनी दंड का भय भी होना चाहिए। वाहन मालिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। गर्मियों में नियमित सर्विसिंग, वायरिंग की जांच, कूलेंट का सही स्तर और बैटरी की स्थिति की निगरानी बेहद जरूरी है। साथ ही गाड़ियों में फायर एक्सटिंग्विशर रखना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुका है। सरकार और परिवहन विभाग को भी जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि लोगों को आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना सिखाया जाए, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। भीषण गर्मी में बढ़ती आगजनी की घटनाएं चेतावनी हैं कि सुरक्षा को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन की सख्ती, वाहनों की नियमित जांच, रेलवे में सतर्कता और लोगों की जिम्मेदारी ही इन हादसों को रोक सकती है। छोटी लापरवाही बड़ी त्रासदी बन सकती है, इसलिए दोहरी सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत है।



भारत-यूएई
अरविंद जयतिलक

# व्यापारिक साझेदारी की ऊंची उड़ान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रुप से सहमति बनी है। यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी व व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रुप से सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच जहाज निर्माण और कौशल विकास पर भी समझौते हुए हैं। दोनों देश सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार क्षेत्र में भी एक-दूसरे की मदद करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष के प्रारंभ में दोनों देश एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर पहले ही सहमति जता चुके हैं।

दोनों देश रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वर्ष 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगे। आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। गौर करें तो दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। तब राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच



संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। याद होगा कि फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित किए गए 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनके सदभावना यात्राएं की। मौजूदा समय में भी तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं।

चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्त्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत है। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कामाख्या देवी का प्रसिद्ध मंदिर उत्तर पूर्व भारत में असम राज्य की राजधानी गुवाहाटी के पश्चिमी भाग में स्थित नीलाचल पहाड़ी के मध्य में स्थित है। मंदिर में विराजित देवी को मां कामाख्या या इच्छा की देवी कहा जाता है जो यहां आने वाले भक्तों की इच्छा पूर्ति करने के लिए जानी जाती है।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

लक्ष्य
डा. सपना बंसल



# 'विकसित भारत' का सपना देश के युवा वर्ग की मंजिल

वास्को दी गामा ने 20 मई 1498 को कालीकट केरल के कप्पड़ तट के माध्यम से यूरोप से भारत का समुद्री रास्ता खोजा। उस समय भारत दुनिया की न केवल सबसे बड़ी संपन्न अर्थव्यवस्था था अपितु सभ्यता शहरीकरण, तकनीकी, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार और जीवन स्तर के मापदंडों पर विश्व में अग्रणी क्षेत्र पर था। अर्थशास्त्री एंगस मैडिसन के मुताबिक साल 1500 में विश्व की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24.4% थी। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत सदैव ही एक विकसित साम्राज्य रहा था, परंतु पहले पुर्तगालियों ने और फिर अंग्रेजों ने हिंदुस्तान की मासूमियत और सादगी का न केवल व्यापारिक फायदा उठाया, कदाचित एक संपूर्ण, संपन्न अर्थव्यवस्था को अपने निहित स्वार्थ के लिए तहस-नहस कर दिया। 1947 में भारत आजाद हुआ, उस समय 200 साल के औपनिवेशिक शोषण के बाद हालात बेहद कमजोर हो गए। जहां साल 1850 तक दुनिया का 25% कपड़ा भारत बनाता था, 1947 तक आते-आते कपड़े आयात करने लगा। 70 से 80 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे आ गई। अंग्रेज रेल, डाकघर, कारखाने भारत में लाए, लेकिन केवल अपने फायदे के लिए। उन्होंने 54000 किलोमीटर की रेल पटरियां बिछवाई पर वह उद्योगों को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि कच्चा माल बंदरगाह पर ले जाने के लिए। विश्व में भारत का हिस्सा जीडीपी 24.4% था, जो 1947 तक आते-आते 3% रह गया। साल 1498 का संपन्न भारत 1947 तक आते-आते लूट-पिट कर खाली हो चुका था। अंग्रेजों ने न सिर्फ भारत का सोना-चांदी और पैसा लूटा, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा ,संस्कृति को तहस-नहस कर डाला। भारत ने 1956 में अपनी पहली औद्योगिक नीति के साथ विकास की नींव रखी, जिसे साल 1980 में अपनी दूसरी संशोधित औद्योगिक नीति के साथ अर्थव्यवस्था को सुधारने के प्रयास कर गए, परंतु 1990 तक आते-आते कोई ज्यादा बदलाव हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था में नहीं हुआ। असली बदलाव या औद्योगिकरण में क्रांति 1991 की नई औद्योगिकरण नीति के साथ हुआ, जिसमें पूर्ण उदारीकरण किया गया। लाइसेंस राज खत्म कर आयात-निर्यात के लिए विदेशी बाजार को पूर्ण रूप से भारत में लाया गया। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश को एक लक्ष्य दिया। 'विकसित भारत 2047' का सपना अब केवल किसी राजनीतिक पार्टी का विजन नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष के युवा वर्ग की मंजिल है। इसे हम वोकल फॉर लोकल, स्टार्टअप्स, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया के माध्यम से आसानी से हासिल कर सकते हैं। आजादी के 100 साल पूरे होते-होते दुनिया को दिखाना है कि जिस घरौंदे को विदेशी ताकतों ने 200 साल में उजाड़ा था, वह 100 साल में पहले से ज्यादा मजबूत बनकर खड़ा हो गया। विकसित भारत का लक्ष्य 1947-2047 का ही नहीं, अपितु यह सफर अंग्रेजों के उजाड़े हुए घरौंदे को फिर से बसाने का सफर है। लक्ष्य कोई भी हो, प्रयास अनूठे होने चाहिए, फिर चाहे वह मनुष्य को अपनी मंजिल तक पहुंचाने का हो या देश को विकसित बनाने का लक्ष्य हो।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती कीमतों के लिए कौन जिम्मेदार?

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद से ही देशभर में लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बढ़ोतरी का सीधा असर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ने वाला है। अब तो हर चीज के दाम बढ़ेंगे, जिससे आम आदमी को अपना जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। महंगाई बढ़ने से जनता का मासिक बजट बिगड़ जाता है। जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में भी कटौती करनी पड़ती है और बचत में भी कमी आती है। आम जनता पर तो महंगाई की चौतरफा मार पड़ती है। मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट तो बिगड़ ही जाता है, लेकिन गरीब आदमी का तो जीना ही मुहाल हो जाता है। सरकार को मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर महंगाई पर नियंत्रण करने के उचित प्रयास करने चाहिए।

*– प्रकाश मेहता, कांकेर*

## ट्रेंड

### नशा मुक्त भारत



मोदी सरकार 'नशा मुक्त भारत' के लिए प्रतिबद्ध है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 'ऑपरेशन रेजपिल' के माध्यम से हमारी एजेंसियों ने पहली बार कैप्टागन नामक तथाकथित "जिहादी ड्रग" की 182 करोड़ रुपये की खेप जब्त की है।

**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### सड़कों का कायापलट



असम की सड़कें न सिर्फ इंस्टाग्राम पर शेयर करने लायक हैं, बल्कि ये आपको कुछ सबसे अनोखे स्थलों से भी जोड़ती हैं। शानदार असम को देखने और हमारी सड़कों के कायापलट का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए, जल्द ही इस प्रदेश की यात्रा की योजना बनाएं।

**- हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम


### जन कल्याण का संकल्प



जुझारू नेताओं और कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही सामाजिक न्याय का शासन आएगा, जो भेदभाव को समाप्त करेगा और सभी के लिए प्रगति और समृद्धि लाएगा। जन कल्याण का संकल्प ही हमारे संघर्ष की शक्ति है।

**- अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### सांस्कृतिक विरासत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को गौरवपूर्वक पुनर्जीवित कर रहा है और विश्व को यह संदेश दे रहा है कि अपनी जड़ों से जुड़ा राष्ट्र ही सबसे दृढ़ और आत्मविश्वासी होता है।

**-बांसुरी स्वराज**, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# कनाडा में क्रूज से लौटे यात्री में हंता वायरस के लक्षण मिले

एमवी होंडियस क्रूज पर हंटा वायरस संक्रमण फैलने के बाद अपने घर लौटे कनाडा के चार नागरिकों में से एक में शुरुआती जांच में संक्रमित होने के संकेत मिले हैं। कनाडा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ब्रिटिश कोलंबिया की जनस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बॉनी हेनरी ने बताया कि विनिपेग स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला से अंतिम पुष्टि संबंधी रिपोर्ट सप्ताहांत तक आने की संभावना है। उन्होंने कहा, हमें इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी, लेकिन हम स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे। दंपति में से एक में दो दिन पहले हल्के लक्षण दिखाई देने शुरू हुए।



सत्ता वर्षीय व्यक्ति को बुखार और सिरदर्द जैसी शिकायतें थीं। फिलहाल दोनों को विक्टोरिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेनरी ने बताया कि मरीज की हालत स्थिर है और लक्षण फिलहाल हल्के हैं। उन्हें अस्पताल में अलग निगरानी में रखा गया है। दूसरे सदस्य में बेहद मामूली लक्षण पाए गए, लेकिन जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, कम से कम राहत की बात यह है कि लक्षणों का समय रहते पता चल गया। दोनों को अगले कई दिन तक निगरानी में रखा जाएगा। एमवी होंडियस जहाज पर हंटा वायरस का प्रकोप शुरू होने के बाद से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक

शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20-25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50-55 प्रतिशत तक पहुंच गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह पैटर्न विभिन्न बीमारियों में भी दिखाई देता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





## वर्क फ्रॉम होम' करने वालों की परेशानी होगी खत्म

*सरकार ने नया नियम बनाया, इंटरनेट चलेगा बिना बाधा के*

# बड़ी बिल्डिंग में बिल्डर्स को पानी-बिजली ही नहीं, बिछाना होगा डिजिटल जाल भी, नहीं आएगी नेटवर्क की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में हम देखते हैं कि कई बड़ी इमारतों में मोबाइल फोन के सिग्नल सही तरीके से नहीं आते हैं। नवा रायपुर के मंत्रालय और इंद्रावती भवन सहित कई अन्य निजी कॉम्पलेक्स में भी यही परेशानी होती हैर लेकिन अब राज्य में नए बनने वाले बड़े बहुमंजिला भवनों में यह संकट नहीं आने वाला। दरअसल, राज्य सरकार ने इसके लिए भूमि विकास नियमों में एक नया नियम '89-ख' (89-बी) जोड़ा गया है। यह नियम विशेष ▶▶शेष पेज 4 पर

### इमारतों के भीतर बिछेगा 'डिजिटल जाल'

नए नियमों के लागू होने के बाद, बिल्डरों और डेवलपर्स को निर्माण के दौरान ही कई व्यवस्थाएं करनी होंगी। इमारत के हर कोने तक मोबाइल नेटवर्क पहुंचाने के लिए सिग्नल बूस्टर और अन्य तकनीकी उपकरणों के लिए जगह सुरक्षित करनी होगी। हाई-स्पीड डेटा के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने ▶▶शेष पेज 4 पर

### क्या है नया नियम

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अनुसार, भूमि विकास नियमों में एक नया नियम '89-ख' (89-बी) जोड़ा गया है। यह नियम विशेष रूप से 'इन-बिल्डिंग सॉल्यूशंस' के लिए बनाया गया है। इसके तहत अब नई इमारतों के नक्शे और निर्माण योजना में डिजिटल संचार अधोसंरचना के लिए जगह छोड़ना और आवश्यक प्रावधान करना अनिवार्य होगा।

### आम जनता को क्या होगा फायदा

जानकारों का मानना है कि इस कदम से न केवल कॉल ड्रॉप की समस्या कम होगी, बल्कि 'वर्क फ्रॉम होम' करने वाले लोगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी मिल सकेगी। अब तक इमारतों के अंदर कनेक्टिविटी सुधारने की जिम्मेदारी अक्सर निवासियों या टेलीकॉम कंपनियों पर होती थी, जो बाद में तकनीकी रूप से कठिन और खर्चीला काम होता था। अब भवन निर्माण के समय ही इसकी नींव रख दी जाएगी।

### तत्काल प्रभाव से लागू यह आदेश

राज्य के सभी नगर निगमों और विकास प्राधिकरणों के क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। अब नए भवनों की अनुमति तभी मिलेगी जब उनमें डिजिटल कनेक्टिविटी के इन मानकों का स्पष्ट उल्लेख होगा। यह फैसला छत्तीसगढ़ को 'डिजिटल इंडिया' अभियान के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने और शहरी जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

*अमेरिका और ईरान में जारी तनातनी के बीच हमला, खतरनाक होती जा रही जंग*

# अबू धाबी के न्यूक्लियर पावर प्लांट पर किया ड्रोन अटैक, ईरान पर शक!

एजेंसी ▶▶ दुबई

यह ड्रोन हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम जारी है, लेकिन तनाव अब भी बहुत अधिक है। इससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध छिड़ने का खतरा है। किसी ने भी संयंत्र पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली और यूएई ने भी किसी पर आरोप नहीं लगाया। हालांकि, यूएई ने हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ईरान पर कई ड्रोन और मिसाइल हमले करने का आरोप लगाया है। होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है जिस पर ईरान का अब भी पूरा नियंत्रण है, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर रखी है। बरकाह संयंत्र यूएई की एक चौथाई ऊर्जा की आपूर्ति कर सकता है। इस संयंत्र ▶▶शेष पेज 4 पर

- पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध छिड़ने का बढ़ा खतरा

*संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट पर ड्रोन हमला हुआ है। इस हमले से प्लांट के बाहर लगे एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। इससे ईरान युद्ध में पहले से ही नाजुक चल रही सीजफायर की स्थिति पर फिर से तनाव बढ़ गया है। अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि इस हमले की जिम्मेदारी अब तक किसी ने नहीं ली है। इस हमले से न तो कोई रेडियोएक्टिव लीकेज हुआ और न ही कोई घायल हुआ है।*

### 3 ड्रोन आए थे, 2 को मार गिराया गया

यूएई ने बताया कि पश्चिमी सीमा से देश में तीन ड्रोन घुसे थे, जिनमें से दो को मार गिराया गया लेकिन तीसरा पावर प्लांट में घुस गया और बिजली जेनरेटर पर गिर गया। यूएई ने बताया कि इन हमलों का स्रोत पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल जारी है।



### कितना खास है बराकाह पावर प्लांट?

बराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट यूएई ने 20 अरब डॉलर की लागत से साउथ कोरिया की मदद से तैयार किया था। यह पावर प्लांट 2020 में चालू हुआ था। यह अरब में बना पहला और एकमात्र न्यूक्लियर पावर प्लांट है। यूएई की 25% जरूरत इसी प्लांट से पूरी होती है। इतना ही नहीं, यह पूरे अरब वर्ल्ड का पहला कमर्शियल न्यूक्लियर पावर प्लांट भी है। इस पावर प्लांट में 4 रिएक्टर हैं।

### इधर, सीजफायर की राह पर शर्तों का ब्रेकर

एक बार फिर से अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला किए जाने की आशंका बढ़ती जा रही है। इस बीच, अमेरिका ने जारी बातचीत के बीच पांच बड़ी शर्तें रख दी हैं। वॉशिंगटन ने पहले लगाए गए प्रतिबंधों और नीतिगत फैसलों की वजह से ईरान को हुए नुकसान के लिए कोई भी मुआवजा देने से इनकार कर दिया है। इन शर्तों के बाद सवाल उठने लगे हैं कि इन शर्तों के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई क्या करेंगे?

### अमेरिका ने ईरान के सामने रखीं 5 शर्तें

1 - अमेरिका का युद्ध से हुए ईरान को नुकसान के लिए मुआवजा देने से इनकार।
2 - 400 किलोग्राम यूरेनियम के की मांग करना
3 - ईरान की परमाणु सुविधाओं पर लिमिट लगाना
4 - विदेशों में फ्रीज की गई ईरानी संपत्तियों को जारी करने से मना करना
5 - लेबनान समेत सभी संघर्ष को रोकने को बातचीत पर निर्भर बनाना शामिल था।

*तेल संकट के बीच राहत की खबर*

## होर्मुज को पार कर 20,000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा टैंकर



एजेंसी ▶▶ कांडला

पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर से 20,000 टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर चला एक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण पहुंच गया है। अधिकारियों ने बताया कि मार्शल आइलैंड के ध्वज वाला पोत 'एमवी सिमी' कतर से रवाना हुआ था। 13 मई को होर्मुज पार करने के बाद शनिवार रात करीब 11:30 बजे कांडला बंदरगाह पर पहुंचा।

### भारत-ईरान के बीच हुई अहम बातचीत

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत की। अराघची ने कहा कि मित्र देशों को व्यापारिक सुरक्षा के लिए ईरान पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ क्षेत्रीय हालात पर सकारात्मक चर्चा हुई।

### भारत आ रहे जहाजों को मिल रहा सुरक्षा कवच

सूत्रों के मुताबिक, 13 मई को भारत आ रहा एलपीजी टैंकर 'एमवी सनशाइन' भी होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर रहा था। उसे सुरक्षित भारत पहुंचाने के लिए हर संभव सहायता दी जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### सीएनजी कीमतों में एक रुपए की और बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी की कीमतों में रविवार को एक रुपए प्रति किलोग्राम की और बढ़ोतरी की गई। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) के दाम बढ़ाए गए हैं। देश की प्रमुख शहर गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लि. ने सीएनजी की कीमतों में एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की घोषणा की है।

### राजौरी के सीमावर्ती गांव में मिला तोप का गोला

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के एक सीमावर्ती गांव में एक उच्च विस्फोटक क्षमता वाला तोप का गोला पाया गया। नौशेरा उपमंडल के धनाका गांव के स्थानीय लोगों ने रविवार को गोले को देखा और सुरक्षा बलों को सूचना दी। इसके बाद, पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर विशेषज्ञों द्वारा गोले की तकनीकी जांच की गई। बाद में सेना की बम निरोधक इकाई ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से गोले को नष्ट कर दिया।

### कामी रीता ने 32वीं बार फतह किया माउंट एवरेस्ट



**काठमांडू।** नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 'माउंट एवरेस्ट' को 32वीं बार फतह करके इतिहास रच दिया। शेरपा ने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार सफलता पूर्वक चढ़ाई करने का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। 56 वर्षीय अनुभवी पर्वतारोही रविवार पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंचे। शेरपा '14 पीक्स एक्सपेडिशन' द्वारा संचालित एक अभियान का नेतृत्व कर रहे थे।

*अभद्र भाषा में फोन पर बात*

## ड्राइवर को धमकाने वाला जल संसाधन विभाग का ईई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

**हरिभूमि फॉलोअप**

ड्राइवर से अभद्र भाषा में फोन पर बात करने वाले जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पर निलंबन की गाज गिरी है। कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह ने विभाग के ही वाहन चालक को फोन पर बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी थी। साथ ही कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की थी। ड्राइवर और कार्यपालन अभियंता के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मामले की जांच के बाद छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यपालन अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। जांजगीर चाम्पा जिले में पदस्थ जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह को फोन पर धौंस दिखाते हुए ▶▶शेष पेज 4 पर

### जांच के बाद कार्रवाई

शासन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में शशांक सिंह का मुख्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन नया रायपुर अटल नगर निर्धारित किया गया है।

*10 से अधिक ट्रेनें हुईं प्रभावित*

## राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग, बचाए गए 68 यात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम से नयी दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार सुबह आग लग गई, जिससे दो डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए और कई घंटों तक मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। 68 यात्रियों को बचाया गया। इधर, मरम्मत और अन्य उपकरण लेकर घटनास्थल पर जा रही एक वैन बाद में पलट गई, जिससे रेलवे के पांच कर्मचारी घायल हो गए। इस घटना में ओवरहेड उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने के कारण मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग पर 10 से अधिक ट्रेनों का समय प्रभावित हुआ है। सात घंटे बाद रेल यातायात बहाल कर दिया गया।

### 15 मिनट में यात्रियों को उतारा

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि आग लगने की यह घटना कोटा मंडल के क्षेत्राधिकारी में विक्रमगढ़ आलोट और लूनीरीछा स्टेशन के बीच हुई। प्रभावित कोच से सभी यात्रियों को 15 मिनट में उतार दिया गया। आग से बी-1 कोच के पीछे वाले डिब्बे 'लगेज-कम-गार्ड वैन' को भी नुकसान पहुंचा है। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत 'ओवरहेड' तार से बिजली की आपूर्ति बंद कर दी।






*कांग्रेस के चेन्निथला और मुरलीधरन बनेंगे मंत्री*

# केरल में शपथ ग्रहण से पहले कैबिनेट की घोषणा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

तिरुवनचर राधाकृष्णन केरल की नई कैबिनेट के स्पीकर बनाए गए हैं। कैबिनेट की घोषणा के साथ-साथ यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने विधानसभा के प्रमुख पदों को भी अंतिम रूप दे दिया है। सीनियर विधायक तिरुवनचूर राधाकृष्णन को केरल विधानसभा का स्पीकर चुना गया है, वहीं शानिमोल उस्मान डिप्टी स्पीकर के रूप में कार्य करेंगे, साथ ही आईयूएमएल से 5 विधायकों को कैबिनेट में जगह दी जाएगी। गौरतलब है कि केरल में विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों में कांग्रेस के यूडीएफ ने 140 सीटों में से 102 सीटों पर जीत दर्ज की है।

*केरल के मनोनीत मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शपथ ग्रहण से पहले रविवार को मंत्रियों के नाम की घोषणा कर दी है। यह सभी मंत्री मुख्यमंत्री सतीशन के साथ ही शपथ लेंगे। नए मंत्रिमंडल में कांग्रेस के कई सीनियर नेता शामिल होंगे, जिन मंत्रियों के नाम शामिल हैं, उनमें रमेश चेन्निथला, के. मुरलीधरन और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख सन्नी जोसेफ शामिल हैं।*

केरल में आज मुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे



### कैबिनेट की घोषणा पर क्या बोले होने वाले सीएम सतीशन ?

इधर, घोषणा के बाद बोलते हुए सतीशन ने कहा है कि कैबिनेट की सूची गठबंधन के नेताओं के साथ चर्चा करने और सामाजिक अथवा क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। उन्होंने कहा है कि कई योग्य नेताओं को शामिल नहीं किया जा सका है। बावजूद इसके कि कांग्रेस ने 63 सीटें हासिल की हैं।

### विभागों के बंटवारे को लेकर हो चुकी चर्चा पूरी

इधर, विभागों के बंटवारे को लेकर भी चर्चा पूरी हो चुकी है। सतीशन ने यह भी कहा है कि गठबंधन सहयोगियों के बीच विभागों के बंटवारे को लेकर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। अंतिम मंजूरी से पहले केवल कुछ छोटे-मोटे बदलाव बाकी हैं. मंत्रियों की आधिकारिक सूची अब राज्यपाल को सौंपी जाएगी। इसके बाद ही औपचारिक मंजूरी मिलने पर इसे सरकारी गजट के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शाह के आगमन से कांग्रेस को तकलीफ क्यों: भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर कहा, केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खात्मे का संकल्प सिद्ध किया है। उनके बस्तर आगमन से कांग्रेस को तकलीफ होना यह साबित करता है कि कांग्रेस और नक्सलियों का भाईचारा आज भी कायम है। डॉ. मिश्रा ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति से आज बस्तर नक्सल मुक्त हुआ है, जो कांग्रेसियों को रास नहीं आ रहा है। आज बस्तर की जनता नक्सल हिंसा और खौफ के साये से मुक्त होकर पहली बार खुले आसमान में सांस ले रही है। बस्तर की धरा पर शांति, सुरक्षा और चौतरफा विकास का जो नया सवेरा हुआ है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है, लेकिन बस्तर का यह बदलाव और वहां के आदिवासियों के चेहरों की मुस्कान कांग्रेस को हजम नहीं हो रही है।

### भरत मटियारा का निधन भाजपा के लिए एक अपूरणीय क्षति

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने



छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता भरत मटियारा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। भरत मटियारा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और हैदराबाद में उनका उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री देव ने अपने शोक संदेश में कहा कि वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा का निधन भाजपा-परिवार और पूरे मछुआरा समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। स्व. मटियारा ने सदैव संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य किया। वे एक कर्मठ, मिलनसार और जमीन से जुड़े नेता थे। मछुआरा समाज के उत्थान और उनके अधिकारों की लड़ाई में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

# रेलवे में स्पोर्ट्स कोटा भर्ती के नाम पर पांच साल से चल रहा रैकेट

**दर्जनभर अभ्यर्थियों के दस्तावेज मिले**

*रेलवे में स्पोर्ट्स कोटा की आड़ में भर्ती करने के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होने की जानकारी सीबीआई को मिली है। स्पोर्ट्स कोटा में भर्ती के नाम पर पांच लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग रेफरी व इंजीनियरिंग विभाग के डीएमएस बी. राजशेखर राव, महिला वेटलिफ्टर व टीटीई रामालक्ष्मी ने पूछताछ में सीबीआई के सामने कई अहम खुलासे किए हैं।*

### पूछताछ में आरोपियों ने कई और अफसरों के नाम का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूछताछ में बी. राजशेखर, रामालक्ष्मी ने स्पोर्ट्स कोटा में भर्ती के नाम पर रिश्वतखोरी के खेल में विभागीय के साथ बाहरी लोगों के रैकेट संचालित होने की सीबीआई को जानकारी दी है। स्पोर्ट्स कोटा की आड़ में भर्ती में फर्जीवाड़े का खेल पिछले पांच साल से चल रहा है। फर्जीवाड़े की जानकारी मिलने के बाद सीबीआई इनपुट तलाश रही थी। इस दौरान रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से जुड़े बी. राजशेखर तथा टीटीई रामालक्ष्मी के बारे में सीबीआई को महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसी दौरान सीबीआई के पास स्पोर्ट्स कोटा में भर्ती करने रिश्वत लेने की लिखित में शिकायत मिली। इसके बाद सीबीआई ने रेलवे के दोनों कर्मियों के ठिकाने पर छापे की कार्रवाई करते हुए रिश्वत की रकम जब्त की।

### पांच लाख रुपए रिश्वत लेने के बाद आरोपियों के ठिकानों की जांच





#### अभ्यर्थियों से पूछताछ की तैयारी

बी. राजशेखर, रामालक्ष्मी के ठिकानों से जिन दर्जनभर से ज्यादा अभ्यर्थियों के आवेदन मिले हैं, सीबीआई के अफसर उन अभ्यर्थियों को तलब कर उनसे भी पूछताछ कर सकते है। सीबीआई को रेलवे भर्ती के लिए स्पोर्ट्स कोटा में पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की आशंका है। इसके लिए सीबीआई रेलवे में एक दशक के भीतर स्पोर्ट्स कोटा में भर्ती के दस्तावेजों की अलग से जांच कर सकती है।

#### *एक दर्जन अभ्यर्थियों के आवेदन मिले*

*सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, दोनों आरोपियों के ठिकानों की तलाशी के दौरान स्पोर्ट्स कोटा में भर्ती के लिए एक दर्जन से ज्यादा अभ्यर्थियों के आवेदन मिले हैं। सीबीआई के अफसर अभ्यर्थियों के आवेदन मिलने को लेकर बी. राजशेखर तथा रामालक्ष्मी से पूछताछ कर रहे हैं। सीबीआई को आशंका है कि जिन लोगों के आवेदन मिले हैं, कहीं उन लोगों से भर्ती कराने के नाम पर पूर्व में पैसों का लेन-देन तो नहीं हुआ है।*

#### *अफसरों से होगी पूछताछ*

*सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्पोर्ट्स कोटा के नाम पर रिश्वतखोरी में रेलवे के कई और अधिकारियों के शामिल होने की जानकारी सीबीआई के अधिकारियों को दी है। साथ ही रेलवे भर्ती फर्जीवाड़े में अन्य बाहरी लोगों के शामिल होने की जानकारी सीबीआई के अफसरों को मिली है। आरोपियों से जिन अफसरों के नाम सीबीआई को मिले हैं, उन अफसरों को पूछताछ करने सीबीआई जल्द ही उन्हें तलब कर सकती है।*

# सहमति के बाद भी नदारद रहे रामकी के सफाईकर्मी

**डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 90 फीसदी ठप, हलाकान हो रही जनता**

**रायपुर।** रामकी कंपनी के 269 सफाई वाहनों के 800 वाहन चालक और हेल्पर लिखित सहमति के बाद भी रविवार को काम पर नहीं लौटे। इसके चलते शहर के अधिकतर इलाकों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पूरी तरह ठप रहा। लगातार चौथे दिन भी रहवासी इलाकों में सफाई वाहन नहीं पहुंचने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वेतन वृद्धि, पीएफ ड्यूटी टाइमिंग सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे रामकी के सफाई कर्मचारी चौथे दिन भी हड़ताल पर रहे। महज 27 छोटे वाहनों को जैसे-तैसे पुराने व कुछ नए सफाई वाहन चालक के माध्यम से स्पॉट पर कचरा कलेक्शन के लिए लगाया गया।

- वेतन वृद्धि, पीएफ, काम की टाइमिंग सहित 18 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल
- प्रबंधन ने पुराने व कुछ नए ड्राइवर लाकर 27 छोटी गाड़ियां निकालीं, दलदल सिवनी और गोकुलनगर सेंटर में खड़ी रहीं गाड़ियां

रामकी के सफाई कर्मचारियों, प्रबंधन तथा नगर निगम के बीच बातचीत और सफाई कर्मचारियों की लिखित सहमति के बाद भी रविवार को शहरभर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नहीं हुआ। इससे नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डों के ज्यादातर इलाकों में लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ पाया। सफाई कर्मचारी अभी भी अपने लंबित मांगों को पूरा कराने अड़े हुए हैं। उन्हें मंगलवार को श्रम विभाग के साथ होने वाली बैठक का इंतजार है। विदित हो कि शनिवार को दलदल सिवनी के सेंटर में चल रहे विरोध-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों की पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई। इस दौरान एक सफाईकर्मी बेहोश हो गया। विवाद बढ़ते देख हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस ने गाड़ियों में भरकर तूता धरनास्थल ले जाकर छोड़ा। कचरा कलेक्शन कार्य में अड़ंगा लगाने, सफाई वाहन निकालते समय गाड़ी के शीशे तोड़ने और कार्य बाधित करने को लेकर रामकी ने 18 सफाई कर्मचारियों को नोटिस भी जारी किया है।



डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ठप, निगम प्रबंधन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया

**200 से ज्यादा सफाई वाहनों के पहिए थमे, तीसरे दिन भी नहीं उठा घरों से कचरा, हड़ताल खत्म, आज से लौटेंगे कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

वेतन बढ़ाने, पीएफ और डयूटी टाइमिंग सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन शनिवार को उग्र हो गया। दलदल सिवनी के सेंटर में चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों की पुलिस से झूमाझटकी भी हुई। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को गाड़ियों में भरकर मोवा थाना ले जाया गया। वहीं एक कर्मचारी आंदोलन के दौरान बेहोश हो गया, जिससे कुछ देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। हालांकि देर शाम चर्चा के बाद मामला सुलझ गया और सफाईकर्मियों ने रविवार से काम पर लौटने की बात कही। शुक्रवार को महापौर मीनल चौबे की चेतावनी के बाद शनिवार को सुबह तहसीलदार और निगम के अधिकारी पुलिस के साथ आंदोलन स्थल पहुंचे। हड़ताल खत्म न करने पर लाठीचार्ज भी किया गया। रामकी के 200 से अधिक सफाई वाहनों के 800 वाहन चालक और हेल्पर पिछले तीन से काम ठप कर हड़ताल कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण लोगों के घरों से कचरा कलेक्शन का काम पूरी तरह ठप हो गया है।

शनिवार को भी कमोबेश यही स्थिति पूरे शहर में बनी रही।

**सफाई कर्मचारियों पर लाठी चार्ज, पुलिस के साथ झूमाझटकी, कुछ को गाड़ियों में भरकर मोवा थाने और तूता धरनास्थल ले गए**

रामकी के सफाई वाहन कर्मचारियों की हड़ताल से जहां शहर की सफाई व्यवस्था लड़खड़ा गई है, वहीं केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में दिल्ली से टीम शहर की सफाई परखने आने वाली है, ऐसे समय में स्वच्छ रायपुर, स्वस्थ रायपुर का केवल दीवारों में स्लोगन में सिमटकर रह गया है। रामकी के सफाई कर्मचारी और प्रबंधन तथा नगर निगम के बीच बातचीत के बात सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। रविवार से शहर में सफाई वाहनों के चालक, हेल्पर काम पर लौट जाएंगे। वहीं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य में अड़ंगा लगाने और कार्य बाधित करने को लेकर रामकी ने 18 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिया है। कंपनी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि को बताया कि मंगलवार को रामकी प्रबंधन, श्रम विभाग और नगर निगम के अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सफाई कर्मचारियों की मांग और उनकी समस्याओं पर चर्चा कर विचार किया जाएगा। योगेश कुमार ने बताया कि शनिवार को सफाई वाहन निकालते समय कुछ गाड़ियों के शीशा तोड़ने वालों को स्थल से पुलिस पकड़कर ले गई। बाद में उन्हें समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

तीन दिनों तक डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ठप रहने के

### व्यावसायिक इलाकों में कचरा उठाने वैकल्पिक व्यवस्था

रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि को बताया कि सफाई कर्मचारियों की हठधर्मिता के चलते डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का काम चौथे दिन भी प्रभावित रहा। हमने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शहर के कमर्शियल क्षेत्रों में, जहां रोजाना बड़ी मात्रा में कूड़ा निकलता है, वहां अपने कुछ पुराने ड्राइवर व हेल्पर की मदद से कांप्लेक्टर, हुक लिप्टर और हाईवा को कचरा उठाने लगवाया है। वहीं गोकुलनगर सेंटर से 27 छोटे सफाई वाहनों को कुछ पुराने और नए ड्राइवर की व्यवस्था कर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगवाया है। मंगलवार को श्रम विभाग, नगर निगम, रामकी सफाई कर्मचारी और प्रबंधन की बैठक होने वाली है, जिसमें सफाई कर्मचारियों की मांग और समस्याओं पर विचार किया जाएगा।

### 78 करोड़ का भुगतान अटका, सफाई का बेड़ागर्क

शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का काम ठप होने के बाद भी व्यापक पैमाने पर इसकी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बना पाई है। जबकि इसी माह शहर की सफाई का आकलन करने नई दिल्ली से केंद्रीय दल रायपुर आने वाला है। ऐसे में शहर की लचर सफाई व्यवस्था रायपुर शहर की स्वच्छता रैंकिंग को प्रभावित कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी का आरोप है कि रायपुर नगर निगम ने मार्च 2025 से अब तक 78 करोड़ रुपए के बकाया बिल का भुगतान नहीं किया है। वहीं डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे रामकी के 800 सफाई वाहन चालक और हेल्पर भी वेतन बढ़ाने और समय पर भुगतान, पीएफ दिलाने, काम की टाइमिंग को लेकर कंपनी प्रबंधन पर दबाव बनाने में लगे हैं, जिसका अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

# कार की टक्कर से सिग्नल में खड़े बाइक सवार दो की मौत

**भिलाई।** एक तेज रफ्तार कार ने ट्रैफिक सिग्नल पर खड़े बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक में सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। रविवार दोपहर चंद्रा मौर्या टाकिज के पास तेज रफ्तार से कार सीसी 07 बीआर 0571 के चालक सागर जायसवाल लापरवाही आया और सिग्नल को तोड़कर निकलने के दौरान बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में नूर खान 15 वर्ष और मनोहर 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। सलीम का उपचार निजी अस्पताल सुपेला में चल रहा है। तीन युवक एसी बनाने के लिए जा रहे थे, इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। राहगीरों के मुताबिक कार चालक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि रेड सिग्नल के पास वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाया और युवको को चपेट में लिया। पुलिस आरोपी चालक सागर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।





#### कार से इंजेक्शन व सिरिंज बरामद

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जाएगा। चालक का मेडिकल टेस्ट भी होगा कि कहीं हादसे के समय वो नशे में तो नहीं था। कार की तलाश के दौरान पुलिस को इंजेक्शन और सिरिंज भी बरामद हुआ है, इससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि युवक ड्रग एडिक्ट था।

# बच्चों ने चीफ जस्टिस से कहा हम संप्रेक्षण गृह में सुरक्षित

**कोर्ट ने कहा- बच्चों को संप्रेक्षण गृह में ही रखा जाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मासूम बच्चों ने चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि हम बंदी नहीं हैं, बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षित हैं। याचिकाकर्ता के पति ने ही बच्ची के साथ तीन बार दुष्कर्म किया था। बच्चों की बात सुनने के बाद कोर्ट ने दोनों बच्चों को बाल संप्रेक्षण गृह में ही रखने का निर्देश दिया है। सरगुजा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपनी नाबालिग सौतेली बहन एवं भाई को बंदी बनाकर रखे जाने की बात कहते हुए हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पेश की है।

**याचिकाकर्ता के पति ने ही इज्जत लूटी थी**

याचिका में बच्चों को सरक्षा प्रदान कराने वाली एक समाज सेविका महिला एवं बाल संप्रेक्षण गृह के अधिकारियों सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया था कि उसके सौतेली नाबालिग बहन एवं भाई को बंदी बनाकर रखा गया है। वह दोनों को अपने साथ रखना चाहती है। चीफ जस्टिस की डीबी में मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बच्चों को उनकी सुरक्षा के लिए बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया है। उन्हें बंदी नहीं बनाया गया है। कोर्ट ने इस पर दोनों बच्चों को कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस सुरक्षा के बीच बच्चों को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल के समक्ष पेश किया गया। बच्चों ने कोर्ट को बताया कि वे अपनी मर्जी से बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहें, उन्हें किसी ने बंदी नहीं बनाया है। याचिकाकर्ता के पति ने ही बच्ची के साथ तीन बार दुष्कर्म किया है। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी अभी फरार है। कोर्ट ने बच्चों द्वारा दी गई पूरी जानकारी की तस्दीक कराई। बात सामने आने के बाद कोर्ट ने बच्चों को बाल संप्रेक्षण गृह में ही रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ पूरे मामले का तथ्य एवं समाज सेविका महिला की ओर से जवाब प्रस्तुत करने समय प्रदान करते हुए मामले को अगली सुनवाई हेतु 29 जून को रखने का निर्देश दिया है।

# एलपीजी गैस, डीजल और दूध की महंगाई की मार अब दही, पनीर पर भी, महंगी होगी मिठाई



**रायपुर।** कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के बाद डीजल और फिर दूध के दाम भी बढ़ने का बड़ा असर अब दही और पनीर पर दिखने लगा है। जहां दही के दाम में 20 से 30 रुपए का इजाफा हो गया है, वहीं पनीर के दाम भी 40 रुपए तक बढ़ गए हैं। आने वाले समय में मिठाई के दाम में भी इजाफा होगा। कुछ मिठाइयों के दाम कुछ समय पहले ही चांदी वर्क के कारण बढ़े थे, अब और दाम बढ़ाने की तैयारी है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध का बड़ा असर अपने प्रदेश में भी कई सेक्टरों में दिखने लगा है। रेस्टोरेंट और होटलों में कमर्शियल गैस न मिलने के कारण पहले ही नाश्ता महंगा हो गया है। अब तो गैस के दाम भी हजार रुपए तक बढ़ गए हैं। इसी के साथ डीजल की कीमत भी बढ़ गई है। बड़ी से लेकर छोटी मिठाई की दुकानों में गैस के अलावा डीजल के चूल्हों का भी इस्तेमाल किया जाता है। डीजल के दाम बढ़ने का भी असर हो रहा है।

- दही 20 से 40 और पनीर 40 रुपए महंगा

#### किसके, कितने बढ़े दाम

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के जिन भी होटलों के साथ डेयरियों में दही और पनीर मिलता है, उन लोगों ने इसके दाम बढ़ा दिए हैं। जो दही पहले 120 रुपए किलो थी, उसके दाम कहीं 140 तो कहीं 160 रुपए हो गए हैं। इसी तरह से पनीर के दाम भी अलग-अलग दुकानों में अलग-अलग हैं। जहां पर पनीर के दाम 400 रुपए थे, वहां पर इसके दाम 440 रुपए और जहां पर 440 रुपए थे, वहां 480 रुपए कर दिए गए हैं। मिठाई के दाम भी बढ़ने की तैयारी है। दूध से बनने वाले मिठाइयों के दाम में भी 50 से 100 रुपए तक का इजाफा होने की संभावना है।

#### नाश्ता और महंगा

शहर के कई होटलों में नाश्ता और महंगा हो गया है। जो दुकानदार सूखा समोसा पहले 15 रुपए में बेच रहे थे, उसके दाम किसी ने 17 तो किसी ने 20 रुपए कर दिए हैं। इसी के साथ जिन दुकानों में समोसा बनाकर पहले 30 रुपए में दिया जाता था, वहां पर इसके दाम 40 रुपए और जहां पर इसके दाम पहले 40 रुपए थे, वहां पर इसके दाम 50 रुपए हो गए हैं। इसी तरह से स्ट्रीट फूड जोन में इडली के दाम 20 से 30 रुपए हो गए हैं। 30 का दोसा 40 और 40 वाला 50 रुपए हो गया है। सांभर बड़ा 30 के स्थान पर 40 रुपए हो गया है। बड़े होटलों में इडली 50 के स्थान पर 60 रुपए, सांभर बड़ा 60 के स्थान पर 80 रुपए और दोसा 100 के स्थान पर 120 और 120 के स्थान पर 140 रुपए हो गया है।

#### कीमत बढ़ाना मजबूरी

दूध के साथ-साथ कमर्शियल गैस और अब डीजल के दाम भी बढ़ गए हैं। ऐसे में दही, पनीर और नाश्ते के दाम में इजाफा करना पड़ा है। आने वाले समय में मिठाई के दाम भी बढ़ सकते हैं।

- **संजय विरानी,** संचालक, स्वीट इंडिया

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# रातभर बत्ती गुल, शहर की 43 पानी टंकियां खाली, सुबह नल नहीं खुले

- शनिवार की शाम तेज आंधी-तूफान और बारिश से बिजली व्यवस्था ठप का दिखा असर
- रविवार की सुबह 3 बजे तक विद्युत विभाग, जल विभाग के अधिकारी मरम्मत में जुटे रहे
- दोपहर बाद फिल्टर प्लांट से भरीं शहर की टंकियां, शाम को नियमित जल आपूर्ति

**रायपुर।** शहर के कई इलाकों में शनिवार की शाम आंधी तूफान और तेज बारिश के बीच पेड़ गिरने, बिजली के खंबे क्षतिग्रस्त होने और गरज-चमक के बीच ट्रांसफार्मर उड़ने से विद्युत व्यवस्था ठप रही। इसका सीधा असर रायपुर नगर निगम की जलप्रदाय व्यवस्था पर देखने को मिला। फिल्टर प्लांट के पंपिंग स्टेशन में बिजली ठप होने शहर की पानी टंकियां भर नहीं पाईं। यही नहीं, रात को पानी की फिल्टरिंग और पानी टंकियों में जलभराव का काम पूरी तरह रुक गया, जिसके कारण रविवार की सुबह पूरे शहर में जल आपूर्ति बाधित रही। शहर के 15 लाख रहवासियों को रविवार की सुबह नगर निगम के नलों से पानी नहीं मिला। लोग सुबह के समय नल नहीं खुलने से परेशान रहे। इसकी वजह जानने कुछ जोन दफ्तर तो कुछ ने पार्षदों को फोन लगाया। पूछने पर पता चला कि शनिवार की शाम आए आंधी-तूफान और बिजली के खंबों पर पेड़ गिरने से शहर में विद्युत व्यवस्था प्रभावित होने से यह स्थिति पूरे शहरभर में बनी हुई है। शनिवार की रात तेज हवा से जगह-जगह टूट कर गिरे बिजली तारों, सड़क पर उखड़ कर गिरे हुए पेड़ों को हटाने टीम लगी रही। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ जल विभाग की टीम रात भर विद्युत आपूर्ति सुचारू करने लगी रही। इसके बाद प्रभावित फीडरों को चालू करने के बाद रविवार की सुबह 3 बजे विद्युत आपूर्ति सामान्य हुई। चूंकि शहरभर में विद्युत व्यवस्था बाधित रही, इसलिए नगर निगम 43 नई व पुरानी पानी टंकियां को भर नहीं पाए। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, दोपहर बाद शहर की पानी टंकियों को भरने का काम शुरू किया गया।

## शब्द पहेली - 6229



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 6228 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | घा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | रू | | मा | न | | या | ह | क | |
| दा | | र | स | | प्या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |

## सूडोकु नवताल- 6239

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल- 6238 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## केंद्र का हाईकोर्ट में जवाब

### मुरली नायक की मां की याचिका पर सुनवाई

# अग्निवीर को शहीद सैनिकों की तरह लाभ नहीं दिए जा सकते

एजेंसी ▶▶| मुंबई


क्या ड्यूटी के दौरान मारे गए अग्निवीर को अन्य शहीद सैनिकों की तरह उसके परिजनों को लाभ पाने का हक है, केंद्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि सेवा लाभ के मामले में अग्निवीर और नियमित सैनिक एक समान स्तर पर नहीं हैं, इसलिए उन्हें मरणोपरांत पेंशन लाभ नहीं दिए जा सकते। एक याचिका के जवाब में केंद्र ने कहा कि यदि किसी अग्निवीर की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो उनका परिवार नियमित सैनिकों के समान पेंशन और अन्य लाभों का दावा नहीं कर सकता। मामले में अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

### अग्निवीर की मां की याचिका पर सुनवाई

हाईकोर्ट में यह याचिका अग्निवीर मुरली नायक की मां ज्योतिबाई नायक ने दायर की थी। मुरली पिछले साल 9 मई, 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शहीद हो गए थे। उन्होंने मांग की थी कि अग्निवीरों को भी उन नियमित सैनिकों के समान मरणोपरांत लाभ (पेंशन और कल्याणकारी उपायों सहित) प्रदान किए जाएं, जो ड्यूटी के दौरान शहीद होते हैं।

### यह एक अल्पकालिक व्यवस्था: केंद्र

केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि 'अग्निपथ योजना' एक अल्पकालिक व्यवस्था है, जिसे वर्तमान राष्ट्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। अग्निवीर नियमित सैनिकों के समान सुविधा पाने स्थिति में नहीं हैं उन्हें एक निश्चित चार साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है जबकि सशस्त्र बलों में पेंशन लाभ और अन्य भत्ते लंबी अवधि की सेवा से जुड़े होते हैं।



### याचिकाकर्ता की गलत धारणा: केंद्र

केंद्र ने कहा, "अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच किया गया वर्गीकरण कुछ स्पष्ट आधारों पर आधारित है, जिनमें सेवा की अवधि, नियुक्ति की प्रकृति और भर्ती की कई शर्तें शामिल होती हैं। याचिकाकर्ता इस "गलत धारणा" में थीं कि अग्निवीर भी नियमित सैनिकों के समान पेंशन लाभों के हकदार हैं। जबकि इसमें कहा गया है कि किसी दिवंगत अग्निवीर के निकटतम परिजन को पारिवारिक पेंशन देने का कोई प्रावधान नहीं है

### शहीद अग्निवीर को मिला 2-3 करोड़ मुआवजा

*जवाब में यह भी बताया गया कि मुरली नायक का अंतिम संस्कार पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया, और उनकी मां को रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर से एक "हृदयस्पर्शी" शोक-पत्र दिया गया, जैसा कि नियमित सैनिकों के मामले में किया जाता है। उन्हें कुल 2.3 करोड़ रुपये का मुआवजा मिला।*

### दोनों वर्गों की अलग-अलग स्थितियां

जवाब में यह भी कहा गया, "दो अलग-अलग स्थितियों वाले वर्गों के लोगों के बीच कोई समानता नहीं हो सकती। यह वर्गीकरण और भेदभाव 'अग्निपथ योजना' के उद्देश्यों के साथ एक तार्किक संबंध रखता है, इसलिए, यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के तहत संवैधानिक रूप से वैध है। इसमें आगे कहा गया कि इस योजना की सेवा शर्तों को स्वीकार करने के बाद, शहीद अग्निवीर की मां अब यह मांग नहीं कर सकतीं।

## खबर संक्षेप

### 30 जून से पहले कृषि ऋण माफी योजना होगी लागू



**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि राज्य सरकार 30 जून से पहले कृषि ऋण माफी योजना लागू करेगी, क्योंकि तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पहले ही विस्तृत चर्चा कर ली है और शेष कुछ जिलों से आंकड़े प्राप्त होने के बाद योजना को लागू किया जाएगा। फडणवीस ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा आरक्षण मुद्दे पर नए सिरे से आंदोलन के बारे में कहा कि राज्य सरकार ने समुदाय के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

### बस और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में रविवार को रोडवेज बस और एक कार की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। कार सवार सभी लोग बुटाटी धाम से दर्शन कर घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान पाली पुलिस में तैनात कांस्टेबल अमरीश पुरी, उमेश पुरी उर्फ आकाश, रुकमा देवी और नीटू के रूप में हुई है। ये सभी जोधपुर जिले के बोरूंदा क्षेत्र के निवासी थे। बस में सवार चार यात्री भी घायल हुए हैं, जिनका जोधपुर में इलाज चल रहा है। कुचेरा थाना प्रभारी हबीब खान ने बताया कि मेड़ता-कुचेरा मार्ग पर हुई यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### राजौरी में मिला तोप का गोला सेना ने किया नष्ट

**राजौरी।** जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के एक सीमावर्ती गांव में एक उच्च विस्फोटक क्षमता वाला तोप का गोला पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि नौशेरा उपमंडल के धनाका गांव के स्थानीय लोगों ने रविवार को गोले को देखा और सुरक्षा बलों को सूचना दी। इसके बाद, पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर विशेषज्ञों द्वारा गोले की तकनीकी जांच की गई। बाद में सेना की बम निरोधक इकाई ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से गोले को नष्ट कर दिया।

### यूक्रेन ने कुछ रणनीतिक ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी इस हमले में निशाना बनाया

# यूक्रेन ने लिया बदला, रूस पर दागे 500 से ज्यादा ड्रोन, भारतीय सहित 4 की मौत

*रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध खतरनाक और नया अपडेट तब आया जब यूक्रेन ने 500 से ज्यादा ड्रोन के साथ रूस पर हमला कर दिया। बता दें कि इसके दो दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन में डेढ़ हजार से ज्यादा ड्रोन से हमला कर भारी नुकसान पहुंचाया था। मास्को हमले के बाद कई इलाकों में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं।*

एजेंसी ▶▶| कीव

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में 4 लोगों की मौत होने के साथ ही कई लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। रूस में भारतीय दूतावास ने बताया कि इस हमले में एक भारतीय मजदूर की भी मौत हो गई है। साथ ही 3 अन्य भारतीय इस हमले में घायल भी हो गए है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक यूक्रेन ने कुछ रणनीतिक ठिकानों और इंफ्रा-स्ट्रक्चर को भी इस हमले में निशाना बनाया है।



**मॉस्को में अब तक का सबसे बड़ा हमला**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल से ज्यादा समय में राजधानी मॉस्को के आसपास हुआ यह सबसे बड़ा हमला है। रूस का दावा है कि इस हमले में 500 से ज्यादा ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमले के बाद कई इलाकों में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं, जबकि मॉस्को क्षेत्र समेत पश्चिमी रूस के कई हिस्सों में रातभर हवाई सुरक्षा सिस्टम सक्रिय रहा।

### रूस बोला- 556 ड्रोन मार गिराए

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने 556 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। हालांकि इसके बावजूद कुछ ड्रोन अपने निशाने तक पहुंचने में कामयाब रहे, जिससे रिहायशी इलाकों और अहम ढांचों को नुकसान पहुंचा। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, इस हमले में तीन मौतें मॉस्को क्षेत्र में हुईं, जबकि एक व्यक्ति की जान बेलगोरोद इलाके में गई, जो यूक्रेन सीमा के करीब स्थित है।

### जेलेंस्की ने दी थी चेतावनी



यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कुछ दिन पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस को कड़ी चेतावनी दी थी। दरअसल हाल ही में रूस ने कीव पर बड़ा हमला किया था, जिसमें 24 लोगों की मौत हुई थी। उसके बाद जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन के शहरों और आम नागरिकों को निशाना बनाने की कीमत मॉस्को को चुकानी पड़ेगी।

### राजधानी मॉस्को की सुरक्षा को लेकर सवाल

हालांकि यूक्रेन पहले भी रूस के अंदर ड्रोन हमले करता रहा है, लेकिन मॉस्को को सीधे निशाना बनाने वाली घटनाएं कम रही हैं। इस बार हमले की तीव्रता ने रूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। रूसी अधिकारियों ने नुकसान का पूरा ब्योरा नहीं दिया है, लेकिन शुरुआती जानकारी के मुताबिक कुछ रणनीतिक ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी इस हमले में निशाना बनाया गया है।

### केरल कांग्रेस दफ्तर में हड़कंप

# राहुल-प्रियंका, खड़गे के खिलाफ लगे पोस्टर, लिखा- वायनाड बनेगा अगला अमेठी



एजेंसी ▶▶| वायनाड

केरल के वायनाड में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को निशाना बनाने वाले पोस्टर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। ये पोस्टर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ लगाए गए थे। ये पोस्टर वायनाड में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय की दीवारों और उसके पास के इलाकों में लगाए गए थे।

**फुटेज में दिखे संदिग्ध व्यक्ति की तलाश :** पुलिस को जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। इस फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दीवारों पर पोस्टर चिपकाते हुए नजर आ रहा है। पुलिस अधिकारी अब उस व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकड़ने की कोशिशों में जुटे हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इन पोस्टरों को लगाने के पीछे किसका हाथ है।

### अज्ञात के खिलाफ मामला किया दर्ज

कलपेट्टा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि विधायक टी सिद्दीकी ने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी थी। उनकी शिकायत के आधार पर ही मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक, ये पोस्टर सामने आए थे। उस समय केरल के अगले मुख्यमंत्री के चुनाव को लेकर असमंजस और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी।

### पोस्टर में सांसद प्रियंका को दी हराने की धमकी

इन विवादित पोस्टरों में वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को सीधे तौर पर धमकी दी गई थी। पोस्टरों में दावा किया गया कि अगले चुनाव में उन्हें हरा दिया जाएगा। इसके अलावा पोस्टरों में यह चेतावनी भी दी गई कि वायनाड अब अगला अमेठी बनेगा। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इन पोस्टरों के बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत इन्हें दीवारों से हटा दिया।

### आतंक के आका पाक को करारा तमाचा

# सिंधु जल समझौते पर नहीं झुकेगा भारत, ठुकराया कोर्ट का फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक इंटरनेशनल कोर्ट ने सिंधु नदी के पानी के मामले में एक और फैसला सुनाया। इस फैसले में यह तय करने की कोशिश की गई कि भारत अपने बांधों में कितना पानी रोक सकता है लेकिन भारत ने इस कोर्ट को और इसके फैसले को सीधे ठुकरा दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कोर्ट ही गैरकानूनी है, इसलिए इसका कोई भी फैसला हमें मंजूर नहीं। बता दें कि पुलवामा हमले के बाद ही भारत सरकार ने इस संधि पर विराम लगा दिया था। इस फैसले से



पाकिस्तान में हाहाकार मच गया। इतना ही नहीं भारत ने कश्मीर में दो बड़े बांध बनाने शुरू किए। एक किशनगंगा (झेलम नदी पर) और दूसरा रातले (चिनाब नदी पर)। पाकिस्तान ने इन दोनों बांधों के डिजाइन पर आपत्ति जताई और कहा कि ये संधि के नियमों के खिलाफ हैं।

**पाकिस्तान ने क्या किया? :** पाकिस्तान ने 2016 में वर्ल्ड बैंक के पास जाकर मांग की कि एक आर्बिट्रेशन कोर्ट (मध्यस्थता अदालत) बनाई जाए। भारत चाहता था कि यह मामला एक 'न्यूट्रल एक्सपर्ट' के जरिए सुलझाया जाए, जैसा कि संधि में लिखा था लेकिन 2022 में वर्ल्ड बैंक ने दोनों, यानी न्यूट्रल एक्सपर्ट भी नियुक्त किया और आर्बिट्रेशन कोर्ट भी बना दी।

### बंटवारे में मिली थीं तीन-तीन नदियां

1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़ा समझौता हुआ था जिसे 'सिंधु जल संधि' कहते हैं। इसमें यह तय हुआ था कि सिंधु नदी और उससे जुड़ी नदियों का पानी दोनों देश कैसे बांटेंगे। तीन नदियां (रावी, ब्यास, सतलज) भारत को मिलीं और तीन नदियां (सिंधु, झेलम, चिनाब) पाकिस्तान को। इस समझौते में वर्ल्ड बैंक भी गवाह के तौर पर शामिल था लेकिन, पुलवामा हमले के बाद ही भारत सरकार ने इस संधि पर विराम लगा दिया था। इस फैसले से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया।

### प्रवासी भारतीयों ने दिल से किया स्वागत...



**गोथेनबर्ग (स्वीडन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को स्वीडन पहुंचे। गोथेनबर्ग हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने वहां उनका स्वागत करने आए प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात की। भारतीय समुदाय पीएम मोदी से मिलकर काफी उत्साहित रहा। मोदी का स्वागत संगीत प्रस्तुतियों से किया गया। एक स्वीडिश महिला ने भजन गाकर उनका स्वागत किया।

### सिक्किम में एक जून से आनंद विवाह अधिनियम होगा लागू

**नई दिल्ली।** सिख दंपतियों को अपने विशिष्ट कानूनी ढांचे के तहत पारंपरिक विवाह पंजीकृत करने में सक्षम बनाने वाला आनंद विवाह अधिनियम सिक्किम में एक जून से लागू हो जाएगा। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे सिक्किम में सिख समुदाय के सदस्यों को पारंपरिक 'आनंद कारज' समारोह के तहत संपन्न विवाहों को सीधे पंजीकृत करने की सुविधा मिलेगी। पंजीकरण के उद्देश्य से, कई सिख जोड़े 1955 के हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अपना विवाह पंजीकृत कराते हैं। विधि मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ''केंद्र सरकार सिक्किम राज्य में आनंद विवाह अधिनियम, 1909 के प्रावधानों के लागू होने की तिथि एक जून, 2026 निर्धारित करती है।''

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में साफ कर दिया अपना रुख

# 'ईसीआई के चयन पैनल में सीजेआई का होना जरूरी नहीं', सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

### सीजेआई को शामिल करने की कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं

### ये पूरी तरह संसद का विधायी विकल्प है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसमें सरकार ने स्पष्ट किया है कि ईसीआई की चयन समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश या किसी न्यायिक जज को शामिल करने की कोई अनिवार्यता संविधान में नहीं दी गई है। सरकार ने कहा कि ये एक विधायी विकल्प है, न कि संवैधानिक आवश्यकता। केंद्र के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 324 (2) के तहत निर्वाचन आयोग के



सदस्यों की नियुक्ति संसद द्वारा बनाए गए कानून के अधीन राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इस संवैधानिक प्रावधान के आधार पर सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की वैधता का बचाव किया है। वर्तमान में न्यायालय के समक्ष इस नए कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं विचाराधीन हैं, जिनमें चयन पैनल की स्वतंत्रता और पारदर्शिता पर सवाल उठाए गए हैं। बता दें कि वर्तमान समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

### चयन समिति का कोई विशेष ढांचा निर्धारित नहीं

केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में तर्क दिया है कि मूल रूप से संविधान में चयन समिति का कोई विशेष ढांचा निर्धारित नहीं किया गया था और इसे संसद के विवेक पर छोड़ दिया गया था। लगभग 75 साल तक देश में सरकारों के स्तर पर ही ये नियुक्तियां होती रहीं। इसके बाद साल 2023 में नया कानून बनाकर एक औपचारिक चयन समिति का गठन किया गया। इस वर्तमान समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

### आयोग की स्वतंत्रता जजों की मौजूदगी से तय नहीं होती

न्यायिक भागीदारी के मुद्दे पर अपना रुख कड़ा करते हुए सरकार ने कहा कि आयोग की स्वतंत्रता जजों की मौजूदगी से तय नहीं होती, बल्कि ये सदस्यों की कार्यप्रणाली पर निर्भर करती है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2023 के एक फैसले में चयन पैनल में सीजेआई को शामिल करने का निर्देश दिया था। बाद में संसद ने नया कानून बनाकर सीजेआई की जगह केंद्रीय मंत्री को पैनल में शामिल कर लिया, जिसे अब अदालती चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

# शंभू टोल प्लाजा के पास संदिग्ध कैमरे लगाने वाले दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अंबाला

यहां नेशनल हाईवे पर बिना अनुमति के संदिग्ध कैमरे लगाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए-1 की टीम ने पंजाब के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील इस मामले में पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने शंभू टोल प्लाजा के पास पुल पर और नग्गल थाना क्षेत्र में बिना अनुमति के संदिग्ध कैमरे लगाए थे।

■ **अंबाला पुलिस टीम को कामयाबी**

आरोपियों की पहचान तरनतारन के पट्टी निवासी मनप्रीत उर्फ मन्नी और फिरोजपुर निवासी अनमोल के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इन कैमरों का फोकस दिल्ली की ओर था। टोल प्रशासन और नेशनल हाईवे के अधिकारियों से पूछताछ में ये साफ हुआ कि ये कैमरे किसी भी अधिकृत विभाग ने नहीं लगाए।

### पुलिस खोज रही मास्टर माइंड कौन है

पुलिस ने बताया कि रिमांड के दौरान पुलिस इस बात की गहनता से तफ्तीश करेगी कि इन संदिग्ध कैमरों को लगाने के पीछे असली मास्टरमाइंड कौन है। इसके साथ ही ये भी पता लगाया जा रहा है कि क्या इन कैमरों के जरिए कोई संवेदनशील डेटा लिया जा रहा था और क्या इसके पीछे कोई पाकिस्तानी लिंक है। इन कैमरों को सुरक्षा की दृष्टि से इस गंभीर मानते हुए थाना सदर अंबाला और थाना नग्गल क्षेत्र में भी मामला दर्ज किया गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह...

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, मंत्री ओपी चौधरी, वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक समेत कई मंत्रियों एवं भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री शाह के वाहनों के काफिले में 5 गाडियां थीं। तय कार्यक्रम के अनुसार वे रायपुर एयरपोर्ट से सीधे नवा रायपुर स्थित होटल पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम तय था।
श्री शाह 18 मई को सुबह 10.30 बजे आपातकालीन सेवाओं के लिए नेक्स्ट जेन सीजी डॉयल-112 इंटीग्रेटेड इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर चलित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एवं 400 अत्याधुनिक डॉयल-112 वाहन का भी शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**शहीदों को श्रद्धांजलि-**
इसके तुरंत बाद वे बस्तर जिले के नेतानार के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सुबह 11.45 बजे सुदूर अंचलों में शासकीय व डिजिटल सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए 'जनसुविधा केंद्र' का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। जगदलपुर पहुंचने पर गृह मंत्री दोपहर 1 बजे अमर वाटिका जाकर देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे जगदलपुर की बादल अकादमी में एक वृहद संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा, जहां श्री शाह शहीदों के परिजनों, नक्सल मोर्चे पर तैनात सीएपीएफ व राज्य के विशेष सुरक्षा बलों, पुलिस अधिकारियों, नक्सल पीड़ितों और स्थानीय विभिन्न समाजों के प्रमुख प्रबुद्ध प्रतिनिधियों से मुलाकात कर जमीनी स्तर पर व्यापक चर्चा करेंगे। शाम 6.30 बजे बादल अकादमी में ही 'बस्तर के संग' लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर बस्तर की अनूठी जनजातीय कला और संस्कृति का अवलोकन करेंगे।

**अब 33 जिलों में डॉयल-112 सेवा का विस्तार-**
नेक्स्ट जेन सीजी डॉयल-112 प्रदेश में तकनीक आधारित सुशासन की दिशा में एक अभिनव पहल है, जिसके माध्यम से पुलिस सेवा, फायर सर्विस, मेडिकल इमरजेंसी सहायता, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन सहायता तथा हाईवे इमरजेंसी जैसी सेवाओं को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अब यह प्रदेश के सभी 33 जिलों तक विस्तारित हो जाएगी।

### बस्तर में आज...

पहला दिन 18 मई नक्सल मसले पर ही केंद्रित रहेगा।
गृहमंत्री शाह 18 मई को जगदलपुर के निजी होटल में एक अहम बैठक लेंगे। इस बैठक में नक्सल प्रभावित राज्य छग के अलावा महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, बिहार व तेलंगाना के डीजीपी शामिल होंगे। इस बैठक में पैरामिलिट्री फोर्स आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ के डीजी व आईबी प्रमुख भी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक इस अहम बैठक में राज्यों के मुख्य सचिव भी शामिल होंगे। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास को लेकर क्या रणनीति होगी इसे लेकर प्रजेंटेशन भी इस बैठक में दिया जाएगा। दूसरे दिन 19 को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी।

### पक्के मकान की...

की हितग्राही श्रीमती कुमारी यादव एवं श्रीमती लता साहू को मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों आवास की चाबी प्रदान की गई। वर्षों तक कच्चे मकान में कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाले इन परिवारों के लिए यह क्षण केवल एक सरकारी योजना का लाभ मिलने भर का नहीं था, बल्कि आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व से भरे नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक बन गया।
हितग्राही श्रीमती कुमारी यादव ने बताया कि बरसात के दिनों में उनका परिवार लगातार परेशानियों का सामना करता था। कच्चे घर की टपकती छत और कमजोर दीवारों के कारण बच्चों की पढ़ाई और परिवार की सुरक्षा हमेशा चिंता का विषय बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलने से अब उनका परिवार सुरक्षित महसूस कर रहा है और बच्चों के भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगी है।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान निर्माण की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के जीवन में सुरक्षा, स्थायित्व और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, विधायक धमतरी ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**जीवन जीने का मिला आत्मविश्वास-**
सुशासन तिहार में भाटगांव की हितग्राही श्रीमती लता साहू ने कहा कि पहले हर मौसम चिंता लेकर आता था, लेकिन अब पक्का घर मिलने से उनके परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### रक्षा, चिप, खनिज...

अपना समर्थन भी दोहराया। वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। इस संकरे जलमार्ग से 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमले के बाद से जहाजों का आवागमन बुरी तरह से बाधित है, जिसके परिणामस्वरूप जवाबी हमले भी हुए। मोदी ने रविवार को स्वीडन के लिए रवाना होते समय सोशल मीडिया पर किये गए पोस्ट में कहा, ''मेरी नीदरलैंड यात्रा ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को नयी गति प्रदान की है। प्रधानमंत्री ने कहा, अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने से लेकर जल संसाधन, सेमीकंडक्टर, नवाचार, रक्षा, स्थिरता और गतिशीलता में सहयोग का विस्तार करने तक, हमने भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री जेटेन ने शिफोल हवाई अड्डे पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी को विदा किया।

### नीट का रिजर्व...

हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट यूजी क्वेश्चन पेपर के दो सेट तैयार किए जाते हैं। इनमें से कौन-सा सेट परीक्षा में आएगा, इसकी जानकारी डायरेक्टर जनरल के अलावा किसी और को नहीं होती। एक सेट का पेपर होता है, जबकि दूसरा सेट रिजर्व में रखा जाता है ताकि अगर कहीं कोई गड़बड़ी या जरूरत पड़ने पर तुरंत दूसरे सेट का पेपर कराया जा सके। अब सामने आया है कि रिजर्व सेट का पेपर भी पहले ही आउट हो चुका था।

**गेस पेपर में मिले दूसरे सेट के सवाल-**
सीबीआई जांच के दौरान नीट का दूसरा सेट भी किया गया। दूसरे सेट के सवाल गेस पेपर से मिलाए गए, जिसमें से सभी सवाल मैच हो गए। जो पेपर 3 मई को परीक्षा में आया था और जो पेपर रिजर्व में रख गया था, दोनों के बायोलॉजी और केमिस्ट्री के सभी सवाल गेस पेपर में थे। जांच में खुलासा हुआ है कि प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी और सीनियर टीचर मनीष मांधरे ने मिलकर एक गेस पेपर बनाया था, जो कई राज्यों में लाखों में बिका। इसमें बायोलॉजी के 180 और केमिस्ट्री के 90 सवाल ऐसे मिले हैं जो एनटीए के दोनों नीट सेट्स से मेल खाते हैं। दोनों में जो सेट पेपर में आया था उसमें बायोलॉजी के 90 और केमिस्ट्री के 45 सवाल यानी आधे-आधे क्वेश्चन बैंक में हूबहू लिखे हैं।

### देश नक्सलमुक्त हुआ,...

रमन्ना उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव पोलित ब्यूरो मेंबर व सलाहकार सेण्ट्रल कमेटी तथा मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल पोलित ब्यूरो मेंबर के अलावा इंचार्ज ईआरबी व मिलिट्री है। दोनों पर नक्सल प्रभावित राज्यों में करोड़ों का ईनाम घोषित है। मिशीर बेसरा और गणपति लंबे समय से प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के अंतिम बचे हुए शीर्ष वरिष्ठ कैडर माने जाते हैं। दोनों कई दशकों से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं तथा संगठन के विस्तार, हथियार प्रशिक्षण और बड़ी हिंसक घटनाओं की रणनीति तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गणपति लंबे समय तक संगठन के शीर्ष नेतृत्व में महासचिव स्तर पर सक्रिय रहा, लेकिन 2018 के बाद लगभग 8 वर्षों से उम्र एवं स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते पूरी तरह निष्क्रिय है। वर्तमान में वह माओवादी संगठन के लिए किसी विशेष उपयोगिता का नहीं रह गया है फिर भी उसकी पहचान एवं लोकेशन का पता लगाकर मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए लगातार सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं मिशीर बेसरा मुख्यतः झारखंड क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों से जुड़ा माना जाता है। दोनों पर विभिन्न राज्यों में कई गंभीर नक्सली घटनाओं, सुरक्षा बलों पर हमलों तथा संगठन संचालन से संबंधित अनेक मामले दर्ज हैं।

### पुनर्मूल्यांकन में नंबर...

पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की सुविधा दे रहा है। अगर समीक्षा के बाद आपके अंक बढ़ जाते हैं, तो आपका शुल्क वापस कर दिया जाएगा। कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि इस पूरी प्रक्रिया में सटीकता और निष्पक्षता, दोनों ही सबसे महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला विद्यार्थियों की चिंता कम करने के लिए लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओएसएम पूरी तरह त्रुटिरहित है और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली पद्धति है। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कक्षा 12वीं की 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं स्कैन की गईं और इस प्रक्रिया में सुरक्षा के तीन स्तर अपनाए गए। हालांकि, बार-बार स्कैन के बावजूद कुछ उत्तरपुस्तिकाओं में लिखावट स्पष्ट नहीं हो पा रही थी, क्योंकि उनमें इस्तेमाल की गई स्याही का रंग बहुत हल्का था। स्कैन के बाद भी उन उत्तरपुस्तिकाओं को पूरी तरह पढ़ने योग्य नहीं बनाया जा सका। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएं हाथ से जांचने और उसी के अनुसार अंक देने के निर्देश दिए गए। 13,000 से अधिक ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं अलग से चिह्नित कर हाथ से जांची गईं और अंक प्रणाली में दर्ज किए गए। उन्होंने ने कहा, सुरक्षा स्तर और संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' के माध्यम से की गई जांच सटीक, पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। कुमार की ये टिप्पणियां छात्रों और अभिभावकों द्वारा जताई जा रही इन चिंताओं के बीच आई हैं कि कक्षा 12 में उत्तीर्ण प्रतिशत और अंकों में गिरावट का कारण ओएसएम है जिसे सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में पहली बार लागू किया गया है। सीबीएसई ने छात्रों की चिंता कम करने के लिए पुनर्मूल्यांकन और उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटा दिया गया है।

**700 की जगह 100 रुपए-**
संजय कुमार ने कहा, अगर छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका देखना चाहते हैं तो अब 700 रुपए की जगह सिर्फ 100 रुपए देने होंगे। सत्यापन के लिए 500 की जगह 100 रुपए और किसी खास उत्तर की दोबारा जांच के लिए 25 रुपए प्रति प्रश्न शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुनर्मूल्यांकन में अगर किसी छात्र के अंक बढ़ते हैं तो उसके द्वारा चुकाया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

### बड़ी बिल्डिंग में...

रूप से 'इन-बिल्डिंग सॉल्यूशंस' के लिए बनाया गया है।
छत्तीसगढ़ में घर या दफ्तर के अंदर मोबाइल नेटवर्क न मिलने की समस्या से अब राहत मिल सकती है। राज्य सरकार ने 'छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984' में संशोधन करते हुए इमारतों के भीतर डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए नए कड़े मानक लागू कर दिए हैं। अक्सर देखा जाता है कि बड़ी और ऊंची इमारतों के भीतर जाते ही मोबाइल सिग्नल कमजोर हो जाते हैं या कॉल ड्रॉप होने लगती है। सरकार के इस नए फैसले का सीधा मकसद शहरी इलाकों में इस 'डेड ज़ोन' की समस्या को खत्म करना है।

### इमारतों के भीतर...

डक्ट और विशेष स्थान बनाना अनिवार्य होगा। ये सभी प्रावधान केंद्र सरकार के 'आदर्श भवन उपविधि के मानकों के अनुसार होने चाहिए।

### अबू धाबी के...

का निर्माण यूएई ने दक्षिण कोरिया की सहायता से किया था और यह 2020 में चालू हुआ था। यह अरब जगत का पहला और एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।
यूएई के परमाणु नियामक ने कहा कि आग की घटना से संयंत्र की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। नियामक ने 'एक्स' पर कहा, सभी इकाइयां सामान्य रूप से काम कर रही हैं। वियना आधारित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि हमले के कारण एक विद्युत जनरेटर में आग लग गई और एक रिएक्टर को आपातकालीन डीजल जनरेटर से बिजली आपूर्ति की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने घटना पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त की और कहा कि परमाणु सुरक्षा को खतरे में डालने वाली सैन्य गतिविधि अस्वीकार्य है। चार रिएक्टर वाले बरकाह संयंत्र को युद्ध के दौरान पहली बार निशाना बनाया गया है। यह संयंत्र सऊदी अरब की सीमा के पास, यूएई की राजधानी अबू धाबी से लगभग 225 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।
यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दावा किया था कि उसने 2017 में निर्माणाधीन संयंत्र को निशाना बनाया, जिसे उस समय अबू धाबी ने नकार दिया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जंग फिर से शुरू होने का संकेत दिया है, और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने लोगों को युद्ध के लिए तैयार रहने का संदेश देते हुए कई बार ऐसे कार्यक्रम प्रसारित किए हैं जिनमें एंकर कलाश्निकोव राइफल पकड़े हुए दिखाई देते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल को संबोधित करते हुए कहा, ईरान के मामले में हम नजर बनाए हुए हैं। नेतन्याहू ने कहा कि वह ट्रंप से बातचीत करेंगे और उनकी चीन यात्रा तथा 'शायद' कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, हम किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। लेबनान में युद्धविराम के बावजूद, इजराइल और ईरान समर्थित हिज़्बुल्ला चरमपंथी समूह के बीच भी लड़ाई तेज हो गई है, जिससे व्यापक शांति समझौते पर दबाव और बढ़ गया है।

**सुरक्षा उपायों को कर दिया और सख्त-**
यह घटना संयंत्र की बाहरी परिधि के बाहर हुई, जिससे रेडियोलॉजिकल सुरक्षा पर कोई खतरा नहीं उत्पन्न हुआ। अबू धाबी के अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों को और सख्त कर दिया है तथा जांच शुरू कर दी गई है। बरकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र संयुक्त अरब अमीरात का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र है, जो देश की स्वच्छ ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चार यूनिटों वाले इस संयंत्र की कुल क्षमता 5,600 मेगावाट है।

### ड्राइवर को धमकाने ...

ड्राइवर को धमकाना महंगा पड़ गया। कार्यपालन अभियंता की कुछ दिन पहले विभाग में पदस्थ ड्राइवर शशिकांत साहू से मोबाईल पर लंबी बात हुई थी। इस दौरान ई ई शशांक सिंह ने गाली गलौज करते हुए ड्राइवर को जमकर धमकाया था। ड्राइवर को बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी गई। साथ ही कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की गई। ड्राइवर के साथ ई ई की हुई बातचीत का ऑडियो 12 मई को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ। वायरल ऑडियो पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने तत्काल अपर कलेक्टर को जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन राज्य शासन को भेजा। राज्य शासन ने मामले में ई ई शशांक सिंह को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जांजगीर-चांपा से प्राप्त प्रतिवेदन और सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो क्लिप के आधार पर जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह द्वारा अपने अधीनस्थ वाहन चालक शशिकांत साहू से बातचीत में मोबाइल पर अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। साथ ही जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी किए जाने की बात सामने आई।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा — महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु दो चौकीदार (रहकर काम करने वाले) एक सुपरवाइजर, एक ड्राइवर एवं ऑटोकैड ड्राफ्ट्मैन की आवश्यकता है वेतन योग्य अनुसार। सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 9827959907 (40886)

**आवश्यकता है-** थोक स्टेशनरी दुकान में मेहनती हमाली करने वाले लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- राधेश्याम स्टेशनरी सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (40884)

**आवश्यकता है-** अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क, OT टेक्नीशियन, X-RAY टेक्नीशियन सरगांव के लिए आवश्यकता है। सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पीटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधी पारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (40885)

**आवश्यकता है-** ड्राय फ्रूट्स के थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- प्रेम ड्राय फ्रूट्स, बड़ी पार्किंग के पास व्यापार विहार बिलासपुर 7804999991 (40853)

**आवश्यकता है-** टिफिन सेन्टर में खाना और नाश्ता बनाने के लिए कुक की आवश्यकता है। घर जैसा नाश्ता खाना बनाना है। सम्पर्क करें- पद्मावती नाश्ता और टिफिन सेन्टर मंगला बिलासपुर 9755655055 (40878)

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी एजेन्सी में कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति, जो शोरूम में गाड़ियों की एंट्री कार्य कर सके तथा डे/नाइट में कार्य हेतु आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 (40881)

**आवश्यकता है-** थ्रीव्हीलर ईवी शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव- 4पद की आवश्यकता है। वेतन+ आकर्षक इंसेंटिव। अनुभवी को प्राथमिकता अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- श्री बजरंग ऑटोमोबाइल (Kinetic Green) तोरवा बिलासपुर 7999509145 (40861)

**आवश्यकता है-** मोबाइल शोरूम में एक साफ सफाई कर्मी, एक एसेसरीज मेंटेनेंस इंचार्ज, एक इंजीनियर, एक गार्ड एवं एक रिसेप्शनिस्ट युवक/ युवती चाहिए सम्पर्क करें- गुप्ता मोबाइल्स मेन रोड, जूना बिलासपुर 86023 90000 (40867)

**आवश्यकता है-** ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़के एवं मैनेजर (सॉफ्टवेर ऑपरेटर) की आवश्यकता है। नोट- केवल ऑटो पार्ट्स अनुभवी लड़के ही सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (40879)

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट कम्पनी में टेलीकॉलिंग, एवं मार्केटिंग कार्य करने के लिए स्मार्ट अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक सैलरी+ इंसेटिव+ TA योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें 8253073471 (40862)

**आवश्यकता है-** जयपाल टॉवर-2, अग्रसेन चौक मगरपारा रोड स्टार चिल्ड्रन अस्पताल के पीछे बिलासपुर में अतिशीघ्र चौकीदार चाहिए। वेतन 7500/- रहने की सुविधा पता- आर्या कंस्ट्रक्शन दुकान नं.-8, सम्पर्क करें- 81030 02273 (40869)

**Required -** Required CA Firm requires office staff for assisting in taxation and auditing work. Candidates experience with a CA Firm preferable. Contact- Rajesh Kumar Agrawal & Co., CA, F-6, 1st Floor, M.Galleria, Near Gumber Fuels, Vyapar Vihar Road, Bilaspur 07752404753, 9691497902 (40868)

**आवश्यकता है-** फील्ड सुपरवाइजर, ई-रिक्शा ड्राइवर, टेलीकॉलर एवं फ्लेक्स पेस्टिंग करने के लिए लड़कों की अतिशीघ्र आवश्यकता है आज ही सम्पर्क करें- पीआरके एडवरटाइजिंग, अग्रसेन चौक, बिलासपुर 6263077177, 7805884040 (40865)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी हेतु बिलासपुर में General Executive एवं Canopy Executive की आवश्यकता है। अच्छे कम्युनिकेशन एवं क्लाइंट हैंडलिंग कौशल आवश्यक। फ्रेशर्स आवेदन कर सकते हैं। सम्पर्क करें- 7970010958 (40871)

**आवश्यकता है-** एलआईसी में महिला/ पुरुष पार्ट टाइम/ फुल टाइम बीमा सखी/ सीसीए/ आरसीए की भर्ती, योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, 7000/ 6000/ 5000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति, असीमित कमीशन आय सम्पर्क- आशीष अग्रवाल (विकास अधिकारी) 98939 61300 (40864)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सर्वेयर, सेल्समेन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है योग्यता 8वीं से 12वीं वेतन 15000+ टीए, डीए सम्पर्क करें- प्रबंधक राधाकृष्ण सेवा केन्द्र बिलासपुर 8109100493 (40870)

**आवश्यकता है-** जॉब अवसर वेल्डर कटर, फिटर गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य 10, ड्राइवर, चपरासी 20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 15000 से 35000 रहना फ्री, सम्पर्क- सीपत 6232429364 (40866)

**आवश्यकता है-** 60वर्षीय महिला वकील की शाम 5बजे से सुबह 7बजे तक देखभाल हेतु 35 से 40वर्ष की महिला चाहिए। वेतन 6000 रूपये सम्पर्क करें- सोनगंगा कॉलोनी सीपत रोड बिलासपुर 78697 59897, 9893968977 (40860)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है पेड़ पौधों की नर्सरी के कमर्शियल गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9827173519 (40859)

**आवश्यकता है-** एक अनुभवी ड्राइवर (इंट्रा, अशोक लेलैंड) एवं हमाली कार्य हेतु हमाल चाहिए स्थान बिलासपुर, रहने की व्यवस्था। वेतन योग्यता अनुसार। आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- 7869196364, 6268970045 (40857)

**आवश्यकता है-** UTN Shop में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवशयकता है। मासिक सैलरी 10000 से 15000, पता- शॉप नम्बर FS16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (40863)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016, 7747000016, 77470 00019, 7746000019 (015)

**आवश्यकता है-** खिलौना दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है एवं कॉर्टून पैकिंग करने वालों की भी आवश्यकता है सम्पर्क करें नैतिक ट्रेडर्स होटल अजीत के सामने बिलासपुर 91093 20238 (40819)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## बेचना है

**बेचना है-** हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (40711)

**बेचना है-** लेआउट गीतांजलि पार्क महर्षि विद्या मन्दिर रोड मंगला में 1500 वर्गफुट का प्लॉट तत्काल बेचना है। सम्पर्क करें- डॉक्टर जे.पी. दुबे 9630231500, 96309 95600 (40877)

**बेचना है-** मोपका से चिल्हाटी जाने वाले मार्ग से 200 फीट अंदर 40×60 का प्लॉट 2400 वर्गफीट जमीन डायवर्टेड प्लॉट 950/- प्रति वर्गफिट में बेचना है, सम्पर्क करें- 86024 93624, 9691462088 (40883)

## किराया

**किराया-** बिलासपुर में संजय तरण पुष्कर के पास मुंगेली नाका चौक में मेन रोड पर 220 वर्गफुट की ग्राउंड फ्लोर की दुकान किराए पर देना है सम्पर्क करें- 9827482446, 79875 67068 (40876)

**किराया-** राजेन्द्र नगर, स्मार्ट सिटी चौक, मेन रोड पर 1100 वर्गफुट फर्स्ट फ्लोर कमर्शियल स्पेस किराये से देना है (ऑफिस, NBFC, कोचिंग, सैलून, क्लीनिक, अन्य व्यवसाय हेतु उपयुक्त) सम्पर्क करें- 9294545000 (40880)

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गोनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरेपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500, 96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

**सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

शाम 7.30 बजे से अभिषेक और सैमसन का आमना-सामना

# प्लेऑफ में एंट्री के लिए चेन्नई और हैदराबाद में आज कांटे की टक्कर

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग में आमने-सामने होगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी।

प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद हालांकि चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।

### सनराइजर्स को दिखाने होंगे पुराने तेवर

जहां तक सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है जैसा कि पिछले मैच में हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 86 रन पर आउट हो गई थी। सनराइजर्स को उस शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर जल्द से जल्द अपने पुराने तेवर दिखाने होंगे। इसके लिए जरूरी है कि अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और इशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले हेनरिक क्लासेन भी पिछले मैच में नहीं चल पाए थे।



### सैमसन, गायकवाड और पटेल को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके अलावा शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में आक्रामक पारी खेली थी लेकिन उसके गेंदबाज 188 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए थे। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इससे पहले अपनी विकेट लेने की योग्यता का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन पिछले मैच में उन्होंने केवल 2.4 ओवर में 63 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनोमी रेट 23.62 रहा जो टी20 क्रिकेट में कम से कम 15 गेंद करने वाले गेंदबाज का सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्हें शीघ्र अपनी लय हासिल करनी होगी।

### चेपॉक में शिवांग की भूमिका अहम

जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो उसके कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस किफायती साबित हुए हैं लेकिन इशान मलिंगा पिछले मैच में महंगे साबित हुए थे। चेपॉक की धीमी पिच पर उसके स्पिनर शिवांग कुमार की भूमिका भी अहम होगी। इन दोनों टीम के बीच, जो पिछला मैच खेला गया था उसमें सनराइजर्स ने 10 रन से जीत हासिल की थी और वह उससे प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।

*मैच का समय: शाम 7:30*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
554 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 23 रन से हराया

# प्ले ऑफ में आरसीबी, पंजाब की छठी हार

एजेंसी ▸▸| धर्मशाला

वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी। लगातार तीसरी जीत के साथ बेंगलुरु की टीम के 13 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर बरकरार है। लगातार छठी हार के बाद पंजाब की टीम 13 मैच में 13 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक सिंह (56 रन, 27 गेंद, 4 छक्के, 4 चौके) के अर्धशतक और मार्कस स्टोइनिस (37 रन, 25 गेंद, 5 चौके) के साथ उनकी 6 विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद पंजाब की टीम 8 विकेट पर 199 रन ही बना सकी। कूपर कोनोली (37) और सूर्यांश शेडगे (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बेंगलुरु की ओर से रसिक सलाम ने 36 रन देकर तीन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 38 रन देकर 2 विकेट चटकाए।



### कोहली ने 9वीं बार किए आईपीएल में 500 रन पूरे

आरसीबी के स्टार बैटर विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में 16वां रन बनाते ही बड़ा मुकाम हासिल किया। कोहली ने आईपीएल के 19वें सीजन में भी 500 से ज्यादा रन पूरे कर लिए हैं। वह मौजूदा सीजन में 500 रन का आंकड़ा छूने वाले तीसरे बैटर बन गए हैं। उनसे पहले हेनरिक क्लासेन और साई सुदर्शन ने इस सीजन में ये कारनामा हासिल किया है।
इतना ही नहीं, ये रिकॉर्ड 9वीं बार रहा, जब आईपीएल के सीजन में विराट कोहली ने 500 से ज्यादा रन बनाए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल में 9 सीजन 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में डेविड वॉर्नर और केएल राहुल को उन्होंने पछाड़ दिया, जिन्होंने 7-7 बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

### वेंकटेश और कोहली ने खेली अर्धशतकीय पारी

बेंगलुरु की टीम ने वेंकटेश (नाबाद 73, 40 गेंद, 8 चौके, 4 छक्के) की कोहली (58 रन, 37 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 और टिम डेविड (12 गेंद में 28 रन, दो छक्के, दो चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 222 रन बनाए। कोहली ने कप्तान देवदत्त पडिक्कल (45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 जोड़कर टीम को ठोस मंच प्रदान किया। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह (43 रन पर एक विकेट) और युजवेंद्र चहल (42 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला।

### 100 मैचों में कप्तानी करने वाले 5 खिलाड़ी श्रेयस अय्यर

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल में 100 मैचों में कप्तानी करने वाले 5वें खिलाड़ी बन गए हैं। सबसे पहले महेंद्र सिंह धोनी ने 100 मैचों में कप्तानी की थी। सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी करने का रिकॉर्ड भी धोनी के नाम ही है। उनके अलावा रोहित शर्मा (158), विराट कोहली (143) और गौतम गंभीर (129) भी 100 से ज्यादा मैचों में कप्तानी कर चुके हैं। महेंद्र सिंह धोनी के बाद श्रेयस अय्यर का विनिंग प्रतिशत सबसे अच्छा है।

### स्कोर बोर्ड


| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैकब बेथेल बो हरप्रीत | 11 | 7 | 2 | 0 |
| कोहली का आर्य बो चहल | 58 | 37 | 4 | 3 |
| पडिक्कल का अय्यर बो हरप्रीत | 45 | 25 | 4 | 3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 73 | 40 | 8 | 4 |
| डेविड का हरप्रीत बो अर्शदीप | 28 | 12 | 2 | 2 |

**अतिरिक्त: 07 कुल: 20 ओवर में 222/4 रन**
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-43-1, उमरजई 4-0-38-0, हरप्रीत 4-0-35-2, फर्ग्युसन 3-0-43-0, चहल 3-0-42-1, शशांक 2-0-20-0.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का शेफर्ड बो भुवनेश्वर | 00 | 3 | 0 | 0 |
| प्रभसिमरन का पडिक्कल बो भुवनेश्वर | 02 | 5 | 0 | 0 |
| कूपर कोनोली का बेथेल बो शेफर्ड | 37 | 22 | 3 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का जितेश बो रसिक | 01 | 3 | 0 | 0 |
| सूर्यांश शेडगे का कोहली बो सुयश | 35 | 22 | 2 | 2 |
| स्टोइनिस पगबाधा बो हेजलवुड | 37 | 25 | 5 | 0 |
| शशांक सिंह का कोहली बो रसिक | 56 | 27 | 4 | 4 |
| उमरजई का डेविड बो रसिक | 14 | 10 | 1 | 1 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 05 | 3 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:12 कुल:20 ओवर में 199/8 रन**
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-38-2, हेजलवुड 4-0-36-1, रसिक 4-0-36-3, सुयश 4-0-50-1, शेफर्ड 1-0-8-1, कृणाल 3-0-27-0.

## राजस्थान रॉयल्स की लगातार तीसरी हार



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रविवार के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 194 रन का टारगेट दिया है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 193 रन बनाए। दिल्ली ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 176 रन बना लिए हैं। अक्षर पटेल और ब्रिजेश शर्मा क्रीज पर हैं। डेविड मिलर 9, ट्रिस्टन स्टब्स 4, केएल राहुल 51, साहिल परख 9 और अभिषेक पोरेल 51 रन बनाकर आउट हुए।

### जुरेल-पराग के अर्धशतक

राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए, जबकि कप्तान रियान पराग ने 26 गेंदों में 51 रन की विस्फोटक पारी खेली। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने भी 21 गेंदों पर 46 रन बनाए। राजस्थान ने 14 ओवर तक मजबूत स्थिति बना ली थी, लेकिन डेथ ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम 200 रन का आंकड़ा नहीं छू सकी। दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने 4 विकेट झटके। लुंगी एनगिडी और माधव तिवारी ने 2-2 विकेट लिए।

### खबर संक्षेप



### दबाव के कारण बन गया था खोखला इंसान : एलन

**कोलकाता।** केकेआर के बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि आईपीएल के शुरू में उन्होंने खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल दिया था, जिससे वह 'खोखला' इंसान बन गए थे लेकिन अब वह अपने खेल का पूरा आनंद ले रहे हैं। एलन ने कहा, ' टूर्नामेंट की शुरुआत में मैं खुद पर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था। उस दौरान मैं शायद थोड़ा खोखला इंसान बन गया था और यह सब मेरी अपनी गलती थी। फिन ने कहा, ' मुझे क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है और तब मैं इसका उतना आनंद नहीं ले पा रहा था, जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था।' अंतिम एकादश में वापसी करने के बाद एलन ने चार पारियों में 240 रन बनाए हैं, जिसमें 47 गेंदों में नाबाद शतक भी शामिल है।

### तीसरे दौर में अवनि ने किया संघर्ष, प्रणवी बाहर



**हैम्बर्ग।** अवनि प्रशांत को लेडीज यूरोपियन टूर के अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने 81 का स्कोर बनाकर लीडरबोर्ड में अपनी स्थिति कमजोर कर ली। अवनि ने टूर्नामेंट की शुरुआत 78 के स्कोर से की थी, लेकिन दूसरे राउंड में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए चार अंडर 69 का स्कोर बनाया और आसानी से कट हासिल कर लिया था। वह कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, क्योंकि प्रणवी उर्स कट में जगह नहीं बना पाई थी जबकि वाणी कपूर ने पहले राउंड में 83 का स्कोर बनाकर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। अवनि का कुल स्कोर अब 9 ओवर पर है और वह काफी नीचे खिसक गई है। इस बीच जर्मनी की एलेक्जेंड्रा फोर्स्टरलिंग ने अंतिम दिन से पहले दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।

## बांग्लादेश की स्थिति मजबूत पाकिस्तान पहली पारी में पिछड़ी



एजेंसी ▸▸| सिलहट

■ बांग्लादेश ने 3 विकेट पर बनाए 110 रन

पाकिस्तान के खिलाफ सिलहट में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन की समाप्ति के समय बांग्लादेश ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रविवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने 3 विकेट पर 110 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 156 रन की कर ली थी। बांग्लादेश को पहली पारी में 46 रन की बढ़त मिली थी। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत निराशाजनक रही थी। टीम ने तंजीद हसन के रूप में पहला विकेट 15 के स्कोर पर खो दिया था, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोमिनुल हक और महमुदुल हसन जॉय ने तेजी से रन बनाए।

## गोल्ड से चूके सात्विक और चिराग, 53 मिनट चले फाइनल में इंडोनेशियाई से हारे

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2019 और 2024 में खिताब जीता था। यह सात्विक और चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है। इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे।



### हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत : सात्विक

इस हार के बावजूद सात्विक दोनों खिलाड़ियों की प्रगति से खुश थे। उन्होंने कहा, 'आज को छोड़कर मैं इस सप्ताह के हमारे खेल से खुश हूं। अब यह शारीरिक से ज्यादा मानसिक है। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत है। अब चीजें हमारे पक्ष में काम करने लग गई है और जल्द ही हम जीतने वाली टीम बन जाएंगे।' सात्विक ने स्वीकार किया कि पहले गेम में पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी को तेज शटल और इंडोनेशिया की आक्रामक खेल शैली के अनुकूल होने में समय लगा। सात्विक ने कहा, ' प्रतियोगिता के बाकी मैच की तुलना में आज शटल काफी तेजी से आ रही थी और उससे तालमेल बिठाना आसान नहीं था।'

इटालियन ओपन

## स्वितोलिना बनीं चैंपियन, 8 साल बाद जीता बड़ा खिताब



एजेंसी ▸▸| रोम

■ एलिना ने 3 घंटे तक चले मैच में कोको गॉफ को हराया

एलिना स्वितोलिना ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोको गॉफ को हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वितोलिना ने लगभग 3 घंटे तक चले मैच में गॉफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया। यह 2018 में इटालियन ओपन जीतने के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने 2017 में भी यहां खिताब जीता था।

### विश्वास करना बहुत मुश्किल : स्वितोलिना

स्वितोलिना ने अपने करियर का 20वां खिताब जीतने के बाद कहा, 'यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि 8 साल हो गए जब मैंने इससे पहले यहां ट्रॉफी जीती थी। मैं निश्चित रूप से यहां बिताए दो सप्ताह से बहुत खुश हूं।'

## बायर्न म्यूनिख ने दागे 122 गोल, जीती बुंडेसलिगा ट्रॉफी

एजेंसी ▸▸| म्यूनिख



बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकॉर्ड के साथ जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता।

हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने कोलोन पर 5-1 से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। उसकी तरफ से इस मैच में टॉम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी गोल किए। केन ने इस सत्र में 36 गोल किए, जो 2020-21 में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के लीग रिकॉर्ड से पांच कम हैं। बुंडेसलिगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे। तब फ्रांज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर जैसे खिलाड़ी उसकी तरफ से खेला करते थे।

## फुटबॉलर रोनाल्डो का ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ा

एजेंसी ▸▸| रियाद

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी अरब में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंतजार तब और बढ़ गया जब एशियाई चैंपियंस लीग दो के फाइनल में उनके क्लब अल नासर को जापान के गांबा ओसाका से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

तुर्की के फॉरवर्ड डेनिज हम्मात के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से ओसाका ने एशिया के दूसरी श्रेणी के टूर्नामेंट का खिताब जीता। अल नासर ने हालांकि मैच में दबदबा बनाए रखा लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहा। इससे पांच दिन पहले अल नासर 2019 के बाद पहली बार सऊदी प्रो लीग जीतने से बस कुछ ही सेकंड दूर था, लेकिन स्टॉपेज टाइम के अंतिम पलों में आत्मघाती गोल होने से उसका इंतजार बढ़ गया। अब गुरुवार को होने वाले लीग के अंतिम चरण के मैच से विजेता का फैसला होगा।






# अंटार्कटिका में अचानक गायब हो गई यूरोप जितनी बड़ी बर्फ

वॉशिंगटन। दुनिया के सबसे ठंडे और रहस्यमयी महाद्वीप अंटार्कटिका को लेकर वैज्ञानिकों ने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। दशकों तक ग्लोबल वार्मिंग से भी प्रभावित न होने वाली अंटार्कटिका की सफेद चादर अब तेजी से पिघलने लगी है? बर्फ पिघलने की रफ्तार इतना तेज है कि साल 2023 में तो अंटार्कटिका से पश्चिमी यूरोप से भी बड़े आकार का बर्फ का हिस्सा पिघलकर पानी बन गया? सालों से वैज्ञानिक बर्फ पिघलने के कारण को खोज रहे थे। अब नई रिपोर्ट आई है, जो न इस रहस्य से पर्दा उठाया है। साथ ही अंटार्कटिका में तेजी से पिघल रही बर्फ से संभावित खतरों को लेकर वैज्ञानिकों ने अलर्ट ऊी किया है।

## कैसे टूटा रहा ये सुरक्षा कवच?

साल 2000 से 2010 के बीच जहां एक ओर आर्कटिक की बर्फ तेजी से पानी बनती जा रही थी, तो उस समय अंटार्कटिका की बर्फ काफी हद तक सुरक्षित थी। लेकिन 5 साल बाद यानी 2015 के बाद अचानक स्थिति पूरी तरह से बदल गई और यहां की बर्फ रिकॉर्ड स्तर पर पिघलने लगी। बर्फ पिघलने की रफ्तार इतना तेज है कि साल 2023 में तो हालात इतने खराब हो गए कि अंटार्कटिका ने इतिहास की सबसे कम बर्फ रिकार्ड हुई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस दौरान अंटार्कटिका ने पश्चिमी यूरोप से भी बड़े हिस्से को बर्फ खो दी।

## वैज्ञानिकों के भी उड़े होश!



## खतरनाक फीडबैक लूप की शुरुआत

वैज्ञानिकों के अनुसार अंटार्कटिका में तेजी से बर्फ पिघलने से एक खतरनाक फीडबैक लूप की शुरुआत हो गई है। बर्फ कम होने से सूरज की किरणें वापस अंतरिक्ष में नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे समुद्र का पानी ज्यादा गर्मी झेल रहा है और पानी गर्म हो जा रहा है। यही गर्मी सर्दियों में भी नई बर्फ को जमने नहीं दे रही है। इस खतरनाक हवा के पीछे ओजोन परत का छेद और ग्रीनहाउस गैसें जिम्मेदार हैं।

## पूरी दुनिया के लिए खतरे की घंटी

अब आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि अंटार्कटिका की बर्फ पिघलने से क्या कोई हमारे लिए कोई चिंता की बात है? इस सवाल का जवाब है हां, वैज्ञानिक अंटार्कटिका को पृथ्वी का रेफ्रिजरेटर कहते हैं। यह समुद्र की गर्मी और कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर दुनिया का टेंपरेचर को कंट्रोल करता है। अगर अंटार्कटिका की बर्फ इसी तरह से पिघलती रही, तो धरती का तापमान बहुत तेजी से बढ़ेगा। साथ ही पेंगुइन, व्हेल और सील जैसे जीवों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अंटार्कटिका अब एक बिल्कुल नए और खतरनाक सिस्टम में बदल चुका है।

# दुनिया का सबसे ऊंचा पेट्रोल पंप! यहां पहुंचना नहीं है किसी भी एडवेंचर से कम!

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के दुर्गम और खूबसूरत स्पीति घाटी में स्थित काजा एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां मौजूद इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप दुनिया के सबसे ऊंचे और सबसे छोटे पेट्रोल पंपों में गिना जाता है। समुद्र तल से लगभग 12,270 फुट की ऊंचाई पर बना यह पेट्रोल पंप न सिर्फ अपनी लोकेशन, बल्कि अपनी सादगी और उपयोगिता के कारण भी खास पहचान रखता है।




## इस पेट्रोल पंप की क्या है खासियत

इस पेट्रोल पंप की खासियत सिर्फ इसकी ऊंचाई नहीं है, बल्कि इसका खास महत्व भी है। स्पीति घाटी में यात्रा करने वाले पर्यटकों, स्थानीय निवासियों और सरकारी वाहनों के लिए यह पंप जीवनरेखा की तरह काम करता है।

## कहां है ये पेट्रोल पंप ?

काजा, जो स्पीति उपमंडल का मुख्यालय है। साल में ज्यादातर समय यहां लोग बेहद ठंडे और कठिन मौसम का सामना करते हैं। ऐसे में यहां ईंधन की उपलब्धता बेहद चुनौतीपूर्ण काम होता है। इस मुश्किल को आसान बनाने के लिए इंडियन ऑयल ने यहां यह छोटा-सा पेट्रोल पंप बनाया है।

## ईंधन पहुंचाना है यहां तक एक बड़ी चुनौती

जबरदस्त सर्दियों में जब तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला जाता है और बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो जाते हैं, तब इस पेट्रोल पंप तक ईंधन पहुंचाना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन यह सुनिश्चित करते हैं कि जरूरत के समय यहां ईंधन की कमी न हो। पर्यटकों के लिए भी यह पेट्रोल पंप किसी आकर्षण से कम नहीं है। स्पीति घाटी की यात्रा पर आने वाले लोग यहां रुककर फोटो खिंचवाते हैं और इस अनोखी जगह का अनुभव लेते हैं। सोशल मीडिया पर भी यह पेट्रोल पंप अक्सर वायरल होता रहता है।

# सबसे लंबा किस करने का रिकॉर्ड रखने वाले कपल हुए अलग

**बैंकाक।** प्यार में लोग क्या-क्या नहीं कर गुजरते। कोई अपने साथी के लिए दुनिया से लड़ जाता है, तो कोई अपने प्यार को साबित करने के लिए इतिहास रच देता है। लेकिन, कई बार वही रिश्ते, जो दुनिया को हमेशा साथ रहने का वादा करते दिखते हैं, वक्त के साथ बदल जाते हैं। कुछ ऐसी ही कहानी है थाईलैंड के मशहूर कपल एक्काचाई और लकसाना तिरानरात की। यह वही जोड़ा है, जिसने अपनी लंबी किस के कारण दुनियाभर में सुर्खियां बटोरी थीं। दोनों ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया था, जिसे सुनकर लोग हैरान रह गए थे। लेकिन, अब खबर आई है कि सालों तक साथ रहने के बाद दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया है। दरअसल, साल 2013 में इस कपल ने लगातार 58 घंटे, 35 मिनट और 58 सेकंड तक किस करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाया था।










Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Chhattisgarh. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BILASPUR:** Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BATAULI:** Ankan Honda - 9203617070: **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **CHOWKI:** Manraj Honda - 9424153947; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **DIPKA:** Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 94252251702; **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (Gevra Basti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Shanti Honda- 9201826679; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 9713022700; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 8223999666; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8518020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com